# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 238 | जयपुर | बुधवार ,02 जुलाई, 2025 | आषाढ, शुक्ल पक्ष सप्तमी संवत-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## सरकार ने कहा- हम एसआई भर्ती रद्द नहीं करेंगे

### कैबिनेट सब-कमेटी ने रद्द नहीं करने की सिफारिश की, सीएम ने माना; 7 जुलाई को अंतिम सुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** राज्य सरकार एसआई भर्ती को रद्द नहीं करेगी। एडवोकेट जनरल (एजी) राजेंद्र प्रसाद ने कैबिनेट सब कमेटी की रिपोर्ट एडिशनल एफिडेविट के साथ कोर्ट में रखी। प्रसाद ने कहा कि कैबिनेट सब कमेटी ने भर्ती रद्द नहीं करने की सिफारिश की है। जिसे मुख्यमंत्री कार्यालय ने अप्रूव किया है। इसके बाद कोर्ट ने सभी पक्षों रिपोर्ट की कॉपी देने के निर्देश दिए। 7 जुलाई को फाइनल सुनवाई होगी।सरकार ने हाईकोर्ट में कहा कि हम इस स्टेज पर भर्ती को रद्द नहीं कर सकते हैं। अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने बताया कि कैबिनेट सब कमेटी ने चार सिफारिश की।



#### याचिका को सारहीन मानते हुए खारिज किया जाए

चयनित अभ्यर्थियों की ओर से वरिष्ठ एडवोकेट आरएन माथुर ने कहा कि सब कमेटी की रिपोर्ट कहती है कि अगर भर्ती को रद्द किया जाता है तो बड़ी संख्या में निर्दोष अभ्यर्थियों के साथ कुठारघात होगा। हमने कोर्ट को यह भी कहा है कि याचिका में एसआईटी सहित सरकार की पिछली सभी रिपोर्ट को चुनौती दी गई थी। हालांकि अब सरकार की ओर से नई रिपोर्ट पेश की गई है, जिसे याचिका में चुनौती नहीं दी गई है। ऐसे में याचिका को सारहीन मानते हुए खारिज किया जाना चाहिए।

#### सरकार पावर का मिस यूज कर रही

वहीं सरकार की रिपोर्ट पर याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील मेजर आरपी सिंह और हरेंद्र नील ने कहा कि सरकार अपने पावर का मिस यूज कर रही है। पहले यही सब कमेटी भर्ती को रद्द करने की सिफारिश करती है और अब यही कमेटी भर्ती को जारी रखने की सिफारिश कर रही है।

#### अब तक क्या-क्या हुआ...

- आरपीएससी ने साल 2021 में सब इंस्पेक्टर व प्लाटून कमांडर के 859 पदों पर भर्ती निकाली थी।
- भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के आरोप लगे, सरकार ने जांच स्व्रल को दी।
- एसओजी ने ट्रेनी स्व्र सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया। भर्ती को रद्द करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में कई याचिकाएं दायर हुई।
- याचिकाकर्ताओं के वकील हरेंद्र नील ने बताया- जस्टिस समीर जैन की अदालत ने 18 नवंबर, 6 जनवरी और 9 जनवरी को पूरी भर्ती प्रक्रिया पर यथास्थिति के आदेश दिए थे।
- हाईकोर्ट की एकलपीठ के आदेश के बाद पुलिस मुख्यालय ने 10 जनवरी 2025 को आदेश जारी करते हुए भर्ती में फील्ड ट्रेनिंग पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। यह रोक आज भी जारी है।

#### 26 मई को सरकार ने कोर्ट में कहा था- हम निर्णय लेना चाहते हैं

दरअसल, 26 मई को हुई सुनवाई में सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने हाईकोर्ट में कहा था- हम भर्ती पर स्पष्ट निर्णय लेना चाहते हैं। जब मुझसे ओपिनियन ली गई थी तो मुझे बताया गया था कि भर्ती में 400 से 500 लोग लिप्त हैं। एसओजी अभी तक केवल 55 लोगों को गिरफ्तार कर पाई है। भर्ती में 800 से ज्यादा अभ्यर्थियों के भविष्य का सवाल है।

कोर्ट ने सवाल किया था कि सरकार को निर्णय लेने में इतना समय क्यों लग रहा है? इस पर महाधिवक्ता ने कहा था- सीएम के स्तर पर निर्णय होना है, ऐसे में समय दिया जाए। वहीं, याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि चार-चार एजेंसियां भर्ती रद्द करने की सिफारिश कर चुकी हैं। फिर भी सरकार निर्णय लेने में देरी कर रही है।

#### हाईकोर्ट ने कहा था- परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं

15 मई 2025 को हुई सुनवाई पर भी सरकार ने अंतिम फैसला लेने के लिए हाईकोर्ट से समय मांगा था। उस समय जस्टिस समीर जैन की अदालत ने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा था कि यदि 26 मई तक निर्णय नहीं हुआ तो प्रक्रिया में शामिल लोगों को परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

उस समय सरकार ने प्रार्थना-पत्र पेश करके बताया था कि सरकार ने भर्ती पर निर्णय के लिए 13 मई को सब-कमेटी की मीटिंग बुलाई थी।

ऑपरेशन सिंदूर के चलते कई मंत्री बैठक में शामिल नहीं हो सके थे। वहीं, कमेटी के एक मंत्री अस्वस्थ होने के चलते नहीं पहुंचे थे। पिछली बार कोर्ट में कहा गया था कि सरकार ने 21 मई को सब कमेटी की बैठक रखी है, इसमें जो भी फैसला होगा। कोर्ट को अवगत कराया जाएगा।

## हर भारतीय पर 4.8 लाख का कर्जदार

### दो साल में 90 हजार रुपए बढ़ा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के हर व्यक्ति पर औसतन 4.8 लाख रुपए का कर्ज है। मार्च 2023 में यह 3.9 लाख रुपए था। बीते दो साल में इसमें 23त्न की बढ़ोतरी हुई है। यानी, हर भारतीय पर औसतन 90,000 रुपए का कर्ज और बढ़ गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी जून 2025 की फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।




सवाल 1- कर्ज बढ़ने का मतलब क्या है?

जवाब - इसका मतलब है कि लोग पहले से ज्यादा उधार ले रहे हैं। इसमें होम लोन, पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड का बकाया और अन्य रिटेल लोन शामिल हैं।

नॉन-हाउसिंग रिटेल लोन जैसे पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड बकाया में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। ये लोन टोटल डोमेस्टिक लोन का 54.9% हिस्सा है।

ये डिस्पोजेबल इनकम (खर्च करने योग्य आय) का 25.7% है। हाउसिंग लोन का हिस्सा 29% है और इसमें भी ज्यादातर उनका है जो पहले से लोन लेकर दोबारा से ले रहे हैं।

सवाल 2- क्या GDP के मुकाबले देश में कर्ज का स्तर बहुत ज्यादा है?

जवाब : RBI के मुताबिक, भारत के कुल जीडीपी का 42% कर्ज है। डोमेस्टिक लोन अभी भी दूसरी उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं (EMEs) से कम है, जहां ये 46.6% है।

यानी, भारत में कर्ज की स्थिति अभी कंट्रोल में है। साथ ही, ज्यादातर बॉरोअर्स अच्छी रेटिंग वाले हैं, यानी इनसे पैसा डूबने का खतरा कम है।

रिजर्व बैंक ने कहा है कि इस कर्ज से फिलहाल कोई बड़ा खतरा नहीं है। ज्यादातर कर्ज लेने वाले लोग बेहतर रेटिंग वाले हैं। वे कर्ज चुकाने में सक्षम हैं।

साथ ही, कोविड-19 के समय की तुलना में डेलिंक्वेंसी रेट यानी कर्ज न चुका पाने की रेट में कमी आई है। हालांकि जिन लोगों की रेटिंग कम है और कर्ज ज्यादा है, उनके लिए थोड़ा जोखिम है।

सवाल 3- माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में कर्ज की स्थिति कैसी है?

जवाब = माइक्रोफाइनेंस सेक्टर (छोटे लोन ग्रुप) में कर्ज लेने वालों की एवरेज लायबिलिटी 11.7त्न तक कम हुई है, लेकिन 2025 की दूसरी छमाही में स्ट्रेस्ड असेट्स की संख्या बढ़ी है। आरबीआई ने कहा है कि माइक्रोफाइनेंस कंपनियां ज्यादा ब्याज दरें और मार्जिन वसूल रही हैं। जो कर्ज लेने वालों के लिए चुका पाना मुश्किल हो रहा है।

## मनोजीत कैंपस में नजर आ जाए तो क्लास छोड़ने लगती थी छात्राएं

### कोलकाता गैंगरेप के आरोपी पर होश उड़ाने वाला खुलासा

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता (एजेंसी)।** छात्रा ने कहा कि कैंपस में डर का माहौल था। वह छात्राओं की तस्वीरें खींचता था, उन्हें मॉर्फ करता था और उन्हें वॉट्सऐप ग्रुप में प्रसारित करता था। उन्होंने कहा कि मिश्रा ने पहले भी महिला छात्राओं का यौन उत्पीड़न किया है और छात्राएं उनकी धमकी के कारण कक्षाओं में जाने से डरती हैं।

कोलकाता में 24 वर्षीय कानून की छात्रा के साथ बलात्कार के सिलसिले में गिरफ्तारी के कुछ दिनों बाद, उसी कॉलेज की एक अन्य छात्रा ने परिसर में मोनोजीत मिश्रा के डर के बारे में खुलासा किया है। मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा और दो अन्य को पीड़िता द्वारा पुलिस में शिकायत




दर्ज कराने के बाद गिरफ्तार किया गया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मिश्रा ने दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज के परिसर में उसके साथ बलात्कार किया। अब कॉलेज की एक और छात्रा ने आरोप लगाया है कि कैंपस में छात्राएं मिश्रा से बातचीत से बचने के लिए क्लास छोड़ने पर विचार करती हैं। नाम न बताने की शर्त पर एक निजी मीडिया से बात करते हुए छात्रा ने कहा कि कई छात्राएं मिश्रा से डरती हैं।

## शिमला में एनएचएआई मैनेजर पर हमला, गडकरी हुए नाराज

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। गडकरी ने हमले को जघन्य और गंभीर रूप से निंदनीय बताते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से त्वरित और अनुकरणीय कार्रवाई की मांग की है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एनएचएआई शिमला के प्रबंधक अचल जिंदल पर कथित हमले की निंदा की है, जिसे कथीत तौर पर हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और उनके छह सहयोगियों ने अंजाम दिया है। इस घटना ने राजनीतिक बवाल मचा दिया है। गडकरी ने हमले को जघन्य और गंभीर रूप से निंदनीय बताते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से त्वरित और अनुकरणीय कार्रवाई की मांग की है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पर लिखा कि एनएचएआई पीआईयू शिमला के प्रबंधक अचल जिंदल पर हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज मंत्री और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया जघन्य हमला अत्यंत निंदनीय है और कानून के शासन का अपमान है।



## सुप्रीम कोर्ट में पहली बार उठाया गया ये ऐतिहासिक कदम,एससी/एसटी कर्मचारियों को मिलेगा 22.5% कोटा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यह कदम पहली बार है जब सर्वोच्च न्यायालय ने अन्य सार्वजनिक संस्थानों और कई उच्च न्यायालयों के साथ खुद को जोड़ते हुए ऐसी नीति अपनाई है।

सामाजिक न्याय और समावेशिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक निर्णय में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने गैर-न्यायिक कर्मचारियों के पदों पर सीधी भर्ती और पदोन्नति में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आधिकारिक तौर पर आरक्षण नीति लागू की है। यह कदम पहली बार है जब सर्वोच्च



न्यायालय ने अन्य सार्वजनिक संस्थानों और कई उच्च न्यायालयों के साथ खुद को जोड़ते हुए ऐसी नीति अपनाई है।

एससी-एसटी आरक्षण अब एससी स्टाफ नियुक्तियों में प्रभावी

24 जून, 2025 को सुप्रीम कोर्ट के सभी कर्मचारियों को जारी एक परिपत्र में नई आरक्षण नीति के कार्यान्वयन का विवरण दिया गया है, जो 23 जून, 2025 से लागू होगी।

#### नीति के अनुसार

15% पद एससी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित होंगे

7.5% पद एसटी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित होंगे

आरक्षण केवल प्रशासनिक और सहायक कर्मचारियों के पदों पर लागू होता है, न कि न्यायाधीशों पर। इस नीति से प्रभावित पदों में रजिस्ट्रार, वरिष्ठ निजी सहायक, सहायक लाइब्रेरियन, जूनियर कोर्ट सहायक, जूनियर कोर्ट अटेंडेंट, चैंबर अटेंडेंट और इसी तरह की अन्य भूमिकाएँ शामिल हैं।

**सीजेआई गवई ने ऐतिहासिक सुधार की अगुआई की**

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के उत्तराधिकारी, सीजेआई जस्टिस गवई, जो समावेशिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं, ने इस ऐतिहासिक उपाय को अंतिम रूप देने और मंजूरी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अगर एससी-एसटी आरक्षण पहले से ही अन्य सरकारी संस्थानों और कई उच्च न्यायालयों में लागू है, तो सुप्रीम कोर्ट अपवाद क्यों होना चाहिए? हमारे निर्णयों ने लंबे समय से सकारात्मक कार्रवाई का समर्थन किया है; अब समय आ गया है कि हम अपने प्रशासन में उस सिद्धांत को प्रतिबिंबित करें।

### तुर्किये में पैगंबर मोहम्मद के कथित कार्टून पर विवाद

## मिसाइलों की बारिश के बीच मूसा से हाथ मिलाते दिखे, कार्टूनिस्ट समेत 4 गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

अंकारा (एजेंसी)। तुर्किये में पैगंबर मोहम्मद का कार्टून छपने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक, लेमैन मैगजीन ने 26 जून को एक कार्टून पब्लिश किया था, जिसमें पैगंबर मोहम्मद और पैगंबर मूसा जैसे दिखने वाले दो शख्स को आसमान से गिरती मिसाइलों के बीच हवा में हाथ मिलाते हुए दिखाया गया था। इस कार्टून के सामने आने के बाद पूरे तुर्किये में लोगों का गुस्सा भड़क गया।गुस्साए लोगों ने इस्तांबुल में लेमैन मैगजीन के ऑफिस के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वे 'दांत के बदले दांत, खून के बदला खून' के नारे लगा रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने, जो एक इस्लामिक संगठन से जुड़े बताए जा रहे हैं, पत्रिका के दफ्तर पर पत्थरबाजी भी की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्टून बनाने वाले कार्टूनिस्ट डोगन पहलवान को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा लेमैन के चीफ एडिटर, मैनेजिंग एडिटर और ग्राफिक डिजाइनर की भी गिरफ्तारी हुई है।

## हिमाचल के मंडी में बादल फटा


### घर-गाड़ियां बहीं, पहाड़ों में बारिश से तबाही

बढ़ता राजस्थान

**शिमला (एजेंसी)।** पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 3 दिन से तेज बारिश हो रही है। हिमाचल के मंडी में 4 जगहों पर बादल फटे। कुकलाह में पुल के साथ कई गाड़ियां बह गईं। इधर, उत्तराखंड में कई जगहों पर लैंडस्लाइड हुई। पहाड़ों का मलबा सड़कों पर आ गया है।

#### बादल फटने से तबाही, घर-गाड़ी और पुल बहे

पूरे हिमाचल में 48 घंटों से बारिश जारी है। मंडी में सोमवार सुबह 4 जगह बादल फटे। कुकलाह में पुल के साथ कई गाड़ियां बह गईं। घरों की जगह सिर्फ मलबा दिख रहा है। मंडी शहर में नाले उफान पर हैं।अब तक 3 लोगों की मौत



हो गई है, 10 से ज्यादा लापता हैं। मनाली-मंडी फोरलेन हाईवे पर बने टनल के एंट्री पॉइंट पर पहाड़ धंसने से मलबा जमा हो गया। मौसम विभाग ने आज हिमाचल में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

#### पौड़ी में पहाड़ धंसा, बद्रीनाथ हाईवे पर जाम

मौसम विभाग ने उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई जिलों में स्कूल बंद हैं। बागेश्वर जिले में सरयू नदी उफान पर है। उत्तरकाशी के सिलाई बैंड के पास बादल फटने की घटना में लापता हुए लोगों के लिए रेस्क्यू अभियान तीसरे दिन भी जारी है।देश के अधिकतर हिस्सों में जुलाई में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की आशंका है। मौसम विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। राजस्थान के अलवर में भारी बारिश की वजह से सड़कों पर दो फीट तक पानी भर गया।

## जयपुर में सेशन कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी: ई-मेल मिला; पुलिस अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची, सर्च ऑपरेशन जारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर के सेशन कोर्ट को मंगलवार को फिर से बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला है। ऑफिशियल ई-मेल पर धमकी भरा मेल आने पर कोर्ट की ओर से पुलिस और प्रशासन को सूचना दी गई। इसके बाद टीमें तत्काल मौके पर पहुंची और कोर्ट परिसर को खाली कराया गया। फिलहाल मौके पर सभी टीमें अलग-अलग जगहों पर सर्च कर रही हैं। हालांकि अभी तक टीमों को किसी



भी प्रकार की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली हैं।पुलिस ने बताया- कोर्ट को आज दोपहर में मेल मिली। मेल मिलने पर कोर्ट ने पुलिस कंट्रोल रूम और सीनियर अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सभी टीमों को मौके पर बुलाया गया और लोगों को परिसर से दूर रहने की हिदायत देते हुए सर्च शुरू किया।

जानकारी के अनुसार- टीमों ने करीब 2 बजे से सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया था। हालांकि अभी तक कोई संदिग्ध वस्तु के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि□बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# ग्राम पंचायत मेसिया में बढ़ते अपराधों से ग्रामीण दहशत में, लूट-चोरी की घटनाएं आम, पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर उठे सवाल

## ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन, शीघ्र कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** ग्राम पंचायत मेसिया के ग्रामीण इन दिनों लूट और चोरी की बढ़ती वारदातों से खासे परेशान हैं। ग्राम मेसिया, खेडा मामावास, खोखरी और चांवडिया में लगातार अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और आये दिन किसी न किसी ग्रामीण के साथ चोरी या लूट की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रुप से मसिया सरपंच श्रीमती ममता देवी, सरपंच प्रतिनिधि फतेहचन्द, पूरणसिह, जीवाराम, बुद्धाराम, पूनाराम, पुखराज, नेमाराम, अमराराम, राजुराम, रतनलाल, मोहनलाल, केसाराम आदि सहित सैकड़ो ग्रामीण थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वे कई बार पुलिस थाना बर में रिपोर्ट दर्ज करवाने गए, लेकिन पुलिसकर्मी रिपोर्ट दर्ज करने से मना कर देते हैं और बाहर से भगा देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि थाना पुलिस ने अब तक किसी भी वारदात के अपराधियों को पकड़ा नहीं है, जिससे अपराधियों के हौंसले बुलंद हैं और आमजन खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। हाल ही की एक घटना में खेडा मामावास निवासी




सायरी देवी पत्नी दुर्गाराम के साथ दोपहर के समय लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपियों ने मारपीट कर उनके सोने की कंठी और अन्य सामान लूट लिया। इस घटना के बाद महिलाओं में और भी अधिक डर का माहौल बन गया है। इसके अतिरिक्त पुलिस थाना बर में दर्ज मुकदमों का हवाला भी दिया है एफआईआर न. 99/2025, 110/2025, 148/2023 आदि है जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलते ही महिलाएं घरों से निकलने से डरती हैं और लोग भी जरूरी कार्यों को टालने लगे हैं। शिकायतों के बावजूद पुलिस की निष्क्रियता से लोगों का भरोसा कानून व्यवस्था से उठता जा रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए, अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में फिर से शांति और सुरक्षा का वातावरण बन सके। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यदि जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को विवश होंगे। इसमौके पर अंबाराम, जेराम, लोकमान, गुदडमल, अंबारा, नारायण आदि भी उपस्थित थे।

## समारोह में 59 प्रतिभाओं और वरिष्ठजनों का किया गया सम्मान

# वरिष्ठजन, भामाशाह एवं पारीक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे के पारीक भवन में आयोजित वरिष्ठजन, भामाशाह और पारीक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक शाखा साहवा के प्रबंधक अनिल पारीक थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पारीक ने कहा शिक्षा और व्यवसाय के युग में युवा निरंतर आगे बढ़ रहे है जिसको लेकर समाज में प्रसन्ता है, लेकिन युवाओं को नशे की लत से बचाए रखने का कार्य भी समाज के लोगो का है। कार्यक्रम को रामकुमार पारीक, सेवानिवृत आरएएस डॉ एनआर पारीक, समिति के अध्यक्ष विद्याधर पारीक, वरिष्ठ अध्यापक अभिषेकानंद, ख्यालिराम पारीक, कामरेड सुनील पारीक आदि ने सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज की प्रतिभाओं का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हे सम्मानित करने के कार्यक्रम समय समय पर आयोजित करवाते रहने चाहिए ताकि समाज के युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहे। प्रतिभा सम्मान समारोह में 59 प्रतिभाओं और वरिष्ठजनों को प्रशस्ति पत्र व प्रतिक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दुर्गाराम जोशी, बनवारी लाल तिवाड़ी, बंशीधर पांडिया, रामप्रसाद पुरोहित, गौरीशंकर कटौतियां सहित समाज के वृदजनों ने प्रतिभाओं को समानित कर आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के संयोजक मोहन पांडिया, बजरंगलाल, कैलाश पारीक, विकास पारीक, रामस्वरूप,रवि पारीक, कृष्णलाल बोहरा, गौभक्त राकेश पारीक,पार्षद संदीप, गणेश, पंकज, अशोक, धनराज, बाबूलाल,व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान पारीक, पवन तिवाड़ी, मुकेश मांगीलाल, आदित्य, रोहिताश, गंगाधर तिवाड़ी, प्रीतम, महेश ,अंकित, अतुल, बीलू, शिव, कैलाश, नरेश पारीक, मुकेश पारीक सहित पूरी टीम ने व्यवस्था में अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन गोवर्धन पारीक व सुशील पारीक ने किया ।

# साहवा में सीएलजी बैठक में कानून, शांति व यातायात व्यवस्था पर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** स्थानीय पुलिस थाने में मंगलवार को थानाधिकारी रामप्रताप की अध्यक्षता में सामुदायिक संपर्क समूह (सीएलजी ) व कस्बे के विभिन्न समाजों के मौजीज लोगों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कस्बे की कानून एवं शांति व्यवस्था, यातायात व्यवस्था व अन्य समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया तथा मोहर्रम के त्योहार पर सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। बैठक में थानाधिकारी रामप्रताप ने सभी का स्वागत करते हुए बैठक आयोजित करने के उद्देश्यों, विचारणीय बिंदुओं व त्यौहार के मध्यंजर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने अवैध वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई



करने पर पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए थानाधिकारी ने कहा कि मोहर्रम के त्यौहार के मौके पर कस्बे में शांति व्यवस्था व आपसी भाईचारा बना रहे, कस्बे में कानून व्यवस्था व यातायात व्यवस्था सुचारु रहे, इसके लिए पुलिस की ओर से पर्याप्त इंतजाम किए गए है। उन्होंने अपराधिक व संदिग्ध गतिविधि, व्यक्ति व वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आह्वान किया। सीएलजी सदस्यों ने कस्बे के आबादी क्षेत्र से होकर गुजरने स्टेट हाईवे पर आए दिन होने वाली जाम की समस्या और सड़क किनारे खड़े अव्यवस्थित खड़े रहने वाले वाहनों के साथ सड़क किनारे बनाए ड्रेनेज नालों के क्षतिग्रस्त होने से आए दिन दुर्घटना होती है ऐसे में सड़क ठेकेदार को व्यवस्था में सुधार के लिए पाबंद करने की मांग उठाई। वहीं कॉलेज और स्कूलो के आस पास कुछ आवारा युवक घूमते रहते है जिससे यहां पढ़ने के लिए आने वाली छात्राएं भयभीत रहती है इन स्थानों पर पुलिस गश्त बढ़ाकर असामाजिक तत्वों पर सख्ती लगाई जाए। इस मौके पर आनंदसिंह शेखावत, नगरपालिका अध्यक्ष करमचंद नैण, नवल दुदानी, महेंद्र सरावगी, प्रमोद उपाध्याय, सुनील पारीक कॉमरेड, विद्याधर पारीक, शिवनारायण मूंदलिया, भंवरलाल शर्मा, माडूराम, पवन पुजारी, सुभाष समरसोत, अमरसिंह सैनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान प्रसाद पारीक, रामस्वरूप कसवां, शोखीन खान कुम्हार, राजेंद्र लिखाला, कृष्णलाल बोहरा, रामसिंह माहिच पीटीआई, कुलदीप जोशी सहित सीएलजी सदस्य व कस्बेवासी उपस्थित थे। थानाधिकारी रामप्रताप ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# उदयपुर को मिले सबसे बड़े हुंनरबाज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** शी सर्किल इंडिया द्वारा आयोजित उदयपुर गोट टैलेंट के ग्रैंड फिनाले में डेढ़ सौ से ऊपर प्रतिभागियों में से चुनकर आए 30 फाइनलिस्ट ने फाइनल में अपनी जगह बनाई वह उसमें से उदयपुर को सबसे बड़े हुंनरबाज मिलें। शी सर्कल इंडिया संस्थापिका तारिका भानुप्रताप ने बताया कि इस टैलेंट हंट कम्पीटीशन में नृत्य गीत इंस्ट्रूमेंट कॉमेडी पोएट्री एक्टिंग हूला हूप जैसे कई परफॉर्मिंग आर्ट्स शामिल किए गए थे। बच्चों से लेकर बड़ों तक प्रतिभाएं प्रतिभाओं की अपार क्षमता है इसी को देखते हुए पिछले एक महीने से चार ऑडिशन व सेमीफाइनल के बाद रविवार को इस कार्यक्रम का ग्रांड फिनाले आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त गजल गायक प्रेम



भंडारी थे। पूरे कार्यक्रम में पिछले एक महीने से क्रिएशन ग्रुप से राजेश शर्मा,स्वर्ण सिल्वर से सोनू जैन, बेला 21 से शीतल गुप्ता, कॉस्मोडेंट क्लीनिक से डॉ दक्षिता गग्गर, डी प्लस शानदार से रुखसाना साबुनवाला, कायाकल्य नेचर क्योर से डॉ प्रियंका पारीक व योगेश पारीक, श्रुति म्यूजिक स्कूल से शिखा बहल, पीएफसी एजुकेशन से मीनाक्षी भेरवानी , पिज़्ज़ा गैलेरिया से रुचि जैन , स्टू इंडिया से वैभव शर्मा, आंचल शर्मा, वन टू ऑल से वरुण सुराणा, शरद लोढ़ा व शेड्स ऑफ उदयपुर से गगन शर्मा आदि विशिष्ट सहयोगी होने के साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे । वही कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में कपिल पालीवाल, वैशाली देवपुरा, दीपक दीक्षित, शली श्रीवास्तव रहे। ग्रैंड फिनाले में 5 से 15 वर्ष की उम्र में प्रथम धनंजय सोनी, द्वितीय सौम्या बोकडिया, वृत्तीय अहम गोयनका, रुजन हसन, 16 से 30 वर्ष के वर्ग में प्रथम कामाक्ष सिंह,द्वितीय खुशी भानावत, तृतीय विक्रमजीत सिंह, 30 वर्ष से अधिक में प्रथम प्रतीक कचौरियां, द्वितीय अमृता दहिया, तृतीय अंकिता मिश्रा रहे।

# मेवाड़ हारमोनी ग्रुप ने विद्याभवन पब्लिक स्कूल में 40 कम्प्यूटर, कम्प्यूटर लैब के लिए भेंट किये




## जीवन में कोई भी कार्य कठिन नहीं, सिर्फ करने का हौंसला चाहियेः बी.एच.बाफना

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** मेवाड़ हारमोनी ग्रुप ने विद्या भवन पब्लिक स्कूल में बच्चों को उच्च शिक्षा में सहायक 40 कम्प्यूटर कम्प्यूटर लैब के लिए प्रदान किये। जिसका आज मेवाड़ हार्मनी ग्रुप के चेयरमैन बी.एच.बापना ने विधिवत उद्घाटन किया। समारोह में राजेंद्र भट्ट, विनोद बाफना, संदीप बाफना, जितेन्द्र तायलिया, हंसराज चौधरी उपस्थित रहें। इस अवसर पर बी एच बाफना ने कहा कि यह कंप्यूटर लैब आप सभी बच्चों का भविष्य तय करेगी। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप इससे जो भी सीखेंगे वह आपके भविष्य में काम आएगा। दुनिया में कोई भी काम मुश्किल नहीं है, बस उसे करने का हांसला चाहिए। आप जीवन में इतनी कामयाबी हासिल करें कि आप नौकरी नहीं करके औरों को नौकरी दें रोजगार दें। उन्होंने कहा कि मैंने भी अपने जीवन में कभी नौकरी नहीं की। बस थोड़ी हिम्मत और थोड़ा हौसला चाहिए। इससे पहले यह जरूरी है कि हम अपनी पढ़ाई पूरी करें, पूरी लगन और मेहनत के साथ हम सीखें। उसके बाद छोटे स्तर पर ही सही अपने स्वयं की शुरुआत करें खुद तो उससे कमाई करें ही दूसरों को भी अपने यहां रोजगार देकर देश सेवा में अपना योगदान दें। विद्या भवन के सीओ राजेंद्र भट्ट ने इस अवसर पर बाफना की तारीफ करते हुए कहा कि समाज सेवा में इनका कोई सानी नहीं है। उन्होंने बाफना को केवल एक फोन किया था कि विद्या भवन में इस तरह कंप्यूटर लैब की आवश्यकता है तो इन्होंने मात्र 5 मिनट के अंदर मेरी बात सुनकर कंप्यूटर लैब शुरू करवाने की हामी भर दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि यह आपके लिए केवल एक कंप्यूटर लेब ही नहीं है यह आपके भविष्य में आगे बढ़ने का एक रास्ता है। जितेंद्र तायलिया ने कहा कि इस तरह के समाज सेवा की भावना हम सभी को प्रेरणा देती है। सहायता छोटी है या बड़ी यह महत्वपूर्ण नहीं होता है महत्वपूर्ण यह होता है कि उस सहायता का उद्देश्य क्या है और वह किस उद्देश्य से दी या ली जा रही है। अच्छे कार्यों के लिए की गई सहायता हमेशा अच्छा फल ही देती है।

# प्रागपुरा में आपसी सद्भभावना और शांति के साथ मनाया जाता है मुहर्रम : आमीन मंसुरी

## यौम-ए-आशुरा की तैयारियां जोर शोर से चालू

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** प्रागपुरा कस्बे में इस्लामिक कैलेंडर के नये साल शुरू होने के साथ ही ताजिये (मुहर्रम) की तैयारीयां जोर शोर से चालू हो गई हैं। चांद की तारीख से 06 जुलाई को यौम-ए-आशुरा मनाया जाएगा, जो हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण दिन है। प्रागपुरा वक्फ बोर्ड कमेटी के सदर आमीन मंसुरी ने बताया कि दिल्ली-जयपुर के बीच सबसे ऐतिहासिक ताजिये प्रागपुरा कस्बे में लगते है, जिसमें दिल्ली, जयपुर, यूपी, पंजाब, एमपी समेत आसपास के क्षेत्र से सैकड़ों लोग जुलूस देखने और मेले में शरीक होने आते हैं। ताजिया पर्व कोटपूतली-बहरोड़ जिले में हिंदू-मुस्लिमों के सौहार्द का प्रतीक रहा है, जिसे प्रागपुरा कस्बे में आपसी



सद्भभावना और शांति पूर्वक मनाया जाता है। वक्फ बोर्ड कमेटी के सचिव समीर लुहार ने बताया कि पैगम्बर मोहम्मद के नवासे हसन और हुसैन की शहादत की गमी में ताजिये से पूर्व निकाला जाने वाला अलमसद्दे का जुलूस गुरूवार को पारंपरिक रूप से निकाले जायेंगे। इमरान लुहार ने बताया कि इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को अपील की गई है, ताकि मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। 05 जुलाई शनिवार को कत्ल की रात और 06 जुलाई चांद की दस तारीख को इमाम बाड़ों से मुहर्रम निकाल कर कस्बे में विशाल मेले का आयोजन होगा और शाम को ताजिये कर्बला में सुपुर्द खाक किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

# शिवभक्तों का जत्था गंगोत्री धाम के लिए रवाना पावटा-प्रागपुरा से शुरू हुई तृतीय पद यात्रा



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र से एक भव्य और पवित्र यात्रा का शुभारंभ हुआ जब शिवभक्तों का एक जत्था सोमवार को जोहड़ा धाम स्थित प्राचीन और ऐतिहासिक भूतनाथ मंदिर से गंगोत्री धाम के लिए विधिवत पूजा अर्चना के बाद रवाना हुआ। इस दल को भूतनाथ मंदिर के प्रमुख महंत जयराम दास त्यागी महाराज ने आशीर्वाद और पूजा अर्चना के साथ रवानगी दी। कमेटी संरक्षक दिनेश शर्मा ने बताया कि यह भूतनाथ मंदिर कमेटी की ओर से तृतीय पदयात्रा है जो हरिद्वार में गंगा नदी के पवित्र जल से भगवान केदारनाथ का जलाभिषेक करेगी। 14 सदस्यीय दल में पोखर मल सैनी, गंगाधर मीणा, धोलाराम राठी, तेज सिंह, नरेश सैनी, धर्मेन्द्र बटवाल, सुरेन्द्र ओला, महेन्द्र प्रजापत, धोलाराम लम्बोरा, रवि स्वामी, विनोद सैन, मालीराम बाड़ीगर, राकेश सैनी शामिल हैं। संयोजक मालीराम बाडीगर व कावड़ प्रभारी मामराज भंडारी ने बताया कि दल 2 जुलाई को गंगोत्री से पावटा पहुंचेगा। जहां पैदल यात्रा का आयोजन किया जाएगा तथा कमेटी की ओर से 22 जुलाई को विशाल कांवड शोभायात्रा व 23 जुलाई को महाशिवरात्रि पर भगवान शंकर के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया जाएगा।

# प्राचार्य, अधीक्षक सहित 20 चिकित्सकों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** रोटरी क्लब उदय ने मंगलवार को आरएनटी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर्स डे के अवसर पर प्राचार्य डॉ.विपिन माथुर, अधीक्षक डॉ. आर.एल.सुमन सहित 20 चिकित्सकों को सम्मानित किया। क्लब अध्यक्ष राघव भटनागर ने बताया कि डॉक्टर्स डे पर समाज में चिकित्सकों द्वारा दी जा रही सेवाओं का सम्मान करना है। सभी चिकित्सकों को उपरना पहनाकर चिकित्सकां द्वारा की जा रही सेवाओं को सराहा। इस अवसर पर डॉ. माथुर ने कॉलेज एवं हॉस्पीटल द्वारा जनहित में दी जा रही सेवाओं की जानकारी दी एवं हॉस्पीटल की आवश्यकताओं के बारें में बताया। क्लब हॉस्पीटल के साथ मिलकर शीघ्र ही पौधरोपण अभियान प्रारम्भ करेगा।

## रूपपुरा में श्वानों के हमले से घायल हुआ लंगुर

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम फतेहपुरा खुर्द पंचायत के ग्राम रूपपुरा में तीन-चार श्वानों ने जमीन पर बैठे हुए एक लंगुर पर अचानक हमला कर घायल कर दिया। जिसे आसपास खड़े लोगों ने दौड़कर बचाव किया। अचानक हमले से भयभीत लंगुर पास एक पेड़ के पीछे छुपकर पत्थरों के ऊपर बैठ गया। पशुधन निरीक्षक गोविंद भारद्वाज ने बताया कि ग्रामीणों से मिली सूचना के मुताबिक वे घटना स्थल पहुंचे और उन्होंने लंगुर को पास जाकर अपने हाथ से रोटी खिलाई और दूध पिलाया। लंगुर को नजदीक से देखने से मालूम चला कि श्वानों के हमले में लंगुर की गर्दन, मुंह एवं पूंछ पर घाव हो चुके थे।

# रोटरी प्रान्त के फाउंडेशन चेयरमेन बने सीए डॉ. कुणावत



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** रोटरी वर्ष 2025-2028 के लिए सीए निर्मल कुणावत को रोटरी फाउंडेशन का चैयरमेन मनोनीत किया गया है। प्रान्तपाल प्रज्ञा मेहता ने आज 1 जुलाई से शुरू हुए रोटरी वर्ष के दिन इसकी घोषणा की। डॉ. निर्मल कुणावत ने बताया कि फाउंडेशन चैयरमेन की जिम्मेदारी में प्रांत के सभी बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए रोटरी अंतर्राष्ट्रीय से फंड मंगवाना व उसका नियोजन करना है। उल्लेखनीय है कि प्रान्त में करीब 25 करोड़ के प्रोजेक्ट आगामी वर्ष में रोटरी अंतर्राष्ट्रीय के सहयोग से पूर्ण किये जायेंगे। इन प्रोजेक्ट्स की परिकल्पना पूर्ण होकर रोटरी अंतर्राष्ट्रीय को भेजे जा चुके है। डॉ. कुणावत वर्ष 23-24 में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रहते हुये फाउंडेशन में उल्लेखनीय योगदान दिया जो प्रांत 3056 में अब तक का श्रेष्ठ योगदान रहा है।

# फाजिल शाह कॉलोनी में सीवर समस्या बनी मुसीबत, मस्जिद के तहखाने तक भरा गंदा पानी, पार्षद असलम फारूकी पर लापरवाही के आरोप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** नगर निगम हेरिटेज के वार्ड नंबर 29 की फाजिल शाह कॉलोनी इन दिनों गंभीर सीवर समस्या से जूझ रही है। कॉलोनी में बीते 20 दिनों से सीवर लाइन बंद पड़ी है, जिससे क्षेत्र में गंदा पानी भर गया है। स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि मस्जिद के तहखाने तक सीवर का पानी घुस चुका है। इससे नमाज़ अदा करने में भी लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी मोहम्मद ताहिर खान ने बताया कि कॉलोनी में हर तरफ गंदगी फैली हुई है। गंदा पानी घरों में घुस रहा है, जिससे लोग बीमारियों के डर से परेशान हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 20 दिनों से लगातार नगर निगम और जनप्रतिनिधियों को शिकायतें भेजी जा रही हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई।





## पार्षद सिर्फ नाम के लिए हैं

ताहिर खान और अन्य निवासियों ने वार्ड पार्षद असलम फारूकी पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। ताहिर ने कहा, असलम फारूकी सिर्फ नाम के पार्षद हैं, उन्हें जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें केवल सामाजिक आयोजनों में दिखना आता है, क्षेत्र की दुर्दशा से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वार्ड में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो चुकी है और निगम की ओर से कोई जिम्मेदार अधिकारी क्षेत्र में झांकने तक नहीं आया।

## स्थानीय लोगों में आक्रोश

निवासियों का कहना है कि अगर बारिश शुरू होने से पहले ही यह हालत है, तो आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं। मच्छरों की भरमार और गंदगी के कारण डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। कॉलोनी में बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। नाराज़ लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आगामी नगर निगम चुनाव में इसका जवाब देंगे।

## नगर निगम से त्वरित कार्रवाई की मांग

क्षेत्रवासियों ने नगर निगम हेरिटेज और जयपुर जिला प्रशासन से अपील की है कि फाजिल शाह कॉलोनी की सीवर समस्या को तत्काल प्रभाव से हल किया जाए। मस्जिद और आस-पास के रिहायशी इलाकों से गंदा पानी हटवाकर स्वच्छता व्यवस्था को बहाल किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# फैशन-फैक्ट्री का ब्रांडेड एक्सचेंज फेस्टिवल- पुराने कपड़े लाएं नए ब्रांडेड कपड़े ले जाएं




## पुराने अनब्रांडेड कपड़ों को टॉप ब्रांड्स के साथ एक्सचेंज करें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/ मुंबई ।** ग्राहकों को अपनी तरफ खींचने के लिए कंपनियां तरह तरह के ऑफर लेकर आती रहती हैं। रिलायंस रिटेल का लोकप्रिय फैशन डेस्टिनेशन 'फैशन-फैक्ट्री' भी एक्सचेंज फेस्टिवल लेकर आया है। फैशन-फैक्ट्री बड़े ब्रांड्स पर भारी छूट के लिए जाना जाता है। 20 जुलाई तक चलने वाले इस एक्सचेंज फेस्टिवल में ग्राहक अपने पुराने व अनब्रांडेड कपड़ों को ब्रांडेड कपड़ों व प्रोडक्ट में बदल सकेंगे। फैशन-फैक्ट्री के सभी स्टोर्स पर पर एक्सचेंज फेस्टिवल का फायदा उठाया जा सकता है। पुराने डेनिम, शर्ट, टी-शर्ट या बच्चों के कपड़े लेकर आने पर ग्राहकों को बदले में एक्सचेंज कूपन दिए जाएंगे। डेनिम के लिए ?400 तक, शर्ट के लिए ?250 तक, टी-शर्ट के लिए ?150 तक और बच्चों के कपड़ों के लिए ?100 तक के कूपन मिलेंगे। कूपन से ग्राहक रोजमर्रा की चीजें तो खरीद ही सकेंगे। ली, ली कूपर, जॉन प्लेयर्स, रेमंड, पार्क एवेन्यू, कैनो, पीटर इंग्लैंड, एलन सोली, वैन ह्यूसेन और लुइस फिलिप जैसे प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स में से भी खरीददारी कर सकेंगे। ग्राहकों को उनकी नई खरीदारी पर 50न तक की छूट भी मिलेगी। अगर आपकी अलमारी भी पुराने कपड़ों से अटी पड़ी है या फिर आप लाइफस्टाइल को अपग्रेड करना चाहते हैं तो यह एक्सचेंज फेस्टिवल आपके लिए है। ऑफिस के लिए शर्ट ढूंढ रहे हैं या वीकेंड के लिए स्टाइलिश टीशर्ट आपको फैशन-फैक्ट्री का यह एक्सचेंज फेस्टिवल निराश नही करेगा।

# गिव-अप अभियान की वैधता अवधि अब 31 अगस्त तक

## अभियान के अंतर्गत अब तक 50 हजार 984 ने किया गिव अप, 405 को हुये नोटिस जारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जायें, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने बताया की खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार गिव अप अभियान जिसकी वैधता अवधि में 31 अगस्त 2025 तक की वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम, 2023 अनुसूची-1 में परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी/ अर्द्धसरकारी/ स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रैक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन सूची में शामिल है। उन्होंने बताया कि 01 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में आज तक राजस्थान में 22 लाख 31 हजार 899 व्यक्तियों ने स्वैच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा है। जिससे राज्य सरकार पर वार्षिक 409.39 करोड़ की राशि का वित्तीय भार कम होगा। इसी प्रकार कोटपूतली-बहरोड़ जिले में अब तक 50 हजार 984 व्यक्तियों ने गिव अप किया। अभियान में अब तक जिले में 405 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये, जिनसे वसूली की कार्यवाही की जायेगी। गिव अप अभियान में अब प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर खाद्य विभाग के जिला रसद अधिकारी, प्रवर्तन अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षक द्वारा निरीक्षण करने के साथ ही खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस भी जारी किया जा रहा है।

# बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** स्थानीय नगर परिषद द्वारा बाढ़ नियंत्रण हेतु कस्बे के नागाजी की गौर स्थित अग्निशमन केन्द्र में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नम्बर 01421-295101 है। नियंत्रण कक्ष 24 घण्टे संचालित रहेगा। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी दीपक मीणा अधिशाषी अभियंता को नियुक्त किया जाकर बाढ नियंत्रण हेतु कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारियों की पारी वाईज डयुटी लगाई गई है। जिसमें कृष्ण कुमार गुर्जर, जेईएन भादर सिंह यादव, एएफओ सत्यनारायण वर्मा, सुन्दरलाल गुर्जर, रतिराम गुर्जर, कैलाश चन्द मीणा, महेश कुमार गुर्जर, अजय कुमार मोरोड़िया, विनोद डोई, बंशीधर वाल्मिकी, रिंकू हरिजन, बलवन्त मीणा, जितेन्द्र वाल्मिकी, मुकेश कुमार मीणा, रूपचन्द मीणा, लालचन्द वाल्मिकी, मनोज कुमार वाल्मिकी, मुकेश शिर्वा, सफाई कर्मचारियों की पारी वाईज ड्युटी लगाई गई है।

# श्री कृष्ण छात्रावास सहयोगार्थ भामाशाहों ने 01 लाख 23 हजार रूपये किये भेंट

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बा स्थित श्री कृष्ण छात्रावास में सहयोग प्रदान करने का सिलसिला जारी है। भामाशाहों द्वारा अपनी सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में यादव समाज को 01 लाख 23 हजार रूपये भेंट किये गये। प्रवक्ता रामकरण यादव ने बताया कि गोरधनपुरा निवासी सरदार सिंह यादव पुत्र भूराराम यादव पशुधन प्रसार अधिकारी, जगदीश प्रसाद यादव पुत्र जम्मनराम यादव ढ़ाणी जोशीवाली अध्यापक पद से सेवानिवृत्त होने पर दोनों ने क्रमश: 51-51 हजार रूपये तथा नरेंद्र कुमार पुत्र सुल्तान सिंह यादव आयुष वरिष्ठ कम्पाउन्डर पद से सेवानिवृत्त होने पर 21 हजार रूपये कुल 01 लाख 23 हजार रूपये का सहयोग प्रदान किया गया। पूर्व समाज अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव गुरूजी के नेतृत्व में समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा भामाशाहों का माल्यार्पण व राजस्थानी पगड़ी पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित राव साहब घीसाराम यादव, सरपंच प्रतिनिधि रघुवीर यादव, अरविन्द यादव, एड. मुकेश यादव, प्रकाश यादव झाड़ावाली, कैलाश यादव गुरूजी, भूपसिंह थानेदार, रमेश हवलदार, रामजीलाल यादव, विरेन्द्र यादव, महेश यादव, बिल्लू यादव, शिम्भू पीटीआई, रोहिताश यादव, कैलाश कम्पाउन्डर, अर्जुन यादव, धूणाराम हवलदार आदि ने युवा पीढ़ी को बेहतर शिक्षा प्राप्ति में मदद करने वाले सभी भामाशाहों का आभार प्रकट करते हुये शुभकामनायें दी।



# दस्त रोकथाम अभियान का जिला स्तरीय शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के राजकीय सरदार जनाना अस्पताल में मंगलवार को दस्त रोकथाम अभियान के जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत द्वारा किया गया। सीएमएचओ डॉ. शेखावत ने बताया कि दस्त रोकथाम अभियान थीम डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डायरिया से होने वाली बाल मृत्यु को कम करना है। डिप्टी सीएमएचओ (प.क) डॉ. जय भगवान यादव ने बताया कि अभियान 01 जुलाई से 15 अगस्त तक 06 सप्ताह के लिये चलाया जायेगा। इस दौरान आशायें 05 साल तक के बच्चो का घर-घर जाकर सर्वे करेगी और दो-दो ओआरएस के पैकेट तथा 14 दिन की जिंक टेबलेट्स का वितरण करेंगी। सभी को ओआरएस घोल बनाने की विधि एवं जिंक टैबलेट की उपयोगिता बताई जावेगी। सभी राजकीय चिकित्सालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा सामुदायिक/प्राथमिक/उप स्वास्थ्य केन्द्र पर ओआरएस जिंक कॉर्नर स्थापित किये जायेंगे। इन कॉर्नर्स की मदद से ओआरएस तथा जिंक टेबलेट्स का नि:शुल्क विवतण किया जायेगा। साथ ही लोगों में डायरिया प्रबंधन के लिये प्राथमिक उपचार की जानकारी दी जायेगी। इस दौरान बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर, डॉ. दिलीप पंवार, डॉ. मोइनुद्दीन, डीएनओ रविकांत जांगिड़, बीपीएम विजय तिवाड़ी समेत समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**डॉक्टर्स डे स्पेशल : केक काटकर दी डॉक्टर्स डे की बधाई**

# मरीज की सेवा को शिव सेवा मानकर करते हैं इलाज : डॉ. राकेश शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** हम जब किसी बीमार व्यक्ति की सेवा करते हैं तो ऐसा लगता है जैसे ईश्वर की सेवा कर रहे हों। मरीजों का भरोसा ही हमें नई ऊर्जा देता है। हम सभी मरीजों की सेवा शिव सेवा मानकर करते है। क्यो कि डॉक्टरी पेशा ईश्वर के सबसे नजदीक है। जब किसी की जान बचती है और वह मुस्कुराता है, तो लगता है जैसे भगवान ने आशीर्वाद दिया हो। यह कहना लालकोठी स्थित एसआरके ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के निदेशक डॉ. राकेश शर्मा का। जो डॉक्टर्स डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम पर बोल रहे थे। इस अवसर पर केक काटकर सभी चिकित्सको ने एक दूसरे को इस दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सको के द्वारा पूर्व में चिकित्सा प्राप्त कर ठीक हुए मरीजों ने फूल देकर चिकित्सको का आभार जताया। शर्मा ने बताया कि डॉक्टरों के लिए मरीज की सेवा करना सिर्फ एक पेशा नहीं, बल्कि एक पुनीत कार्य है जिसे वे शिव सेवा मानते हैं। जब वे किसी रोगी को ठीक करते हैं, तो वे केवल शारीरिक उपचार ही नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक सहारा भी देते हैं। यही कारण है कि कई डॉक्टर दिन-रात मरीजों की सेवा में जुटे रहते हैं, चाहे परिस्थिति कैसी भी हो। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. राकेश शर्मा ने डॉक्टर्स डे की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने मरीज की सेवा शिव सेवा मानकर करने का आह्वान सभी चिकित्सको से किया। आयोजन के दौरान डॉ. अनुभूति शर्मा, डॉ. राजकुमार जैन, डॉ. दानिश कुरैशी, डॉ. रघुराज स्वामी, डॉ. राहुल कानखेडिया, डॉ. विकास गुप्ता समेत अन्य चिकित्सको ने संबोधित किया एवं मरीज के जीवन में चिकित्सक के महत्व को समझाया। गौरतलब है कि राजस्थानी जयपुर में डॉक्टर्स डे पर विभिन्न अस्पतालों,स्वास्थ्य संस्थानों और सरकारी स्तर पर डॉक्टरों को सम्मानित करने के कार्यक्रम आयोजित किए गए।



**Office Of The Municipal Board Malpura District Tonk (Raj.)**
Sr.No. NPM/2025-26/882 Date :- 25-06-2025
**Notice Inviting Bid**
Nagar Palika Malpura Bids For 6 Nib No **DLB2526A2962** of subject matters of procurement are invited from interested bidders Last Submission End Date 04/07/2025 Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.gov.in.
Executive Officer
Municipal Board Malpura
Raj.Samwad/C/25/5321

**RAJASTHAN POLICE INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD, JAIPUR**
(Government of Rajasthan Undertaking) CIN NO. U45201RJ2013SGC083014, Regd. Office : 756, Police Head Quarter, Lal Kothi, Jaipur (Raj.), Phone: 0141-2740784, Fax: 0141-2744294, e-mail: rpidcl@rajasthan.gov.in
क्रमांक :- RPHCCL/469/NIT/2025-26/D-1587 दिनांक :- 27/06/2025
**ई-निविदा सूचना सं0 15/2025-26**
निम्नलिखित कार्यों के लिए राज्य/केन्द्र सरकार के अभियांत्रिकी विभागों/उपक्रमों में समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत योग्य एवं अनुभवी संवेदकों से नियमानुसार पाँच वर्ष की डीएलपी के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र में (क्रम संख्या 01 से 07 तक की निविदा Two Bid System तथा क्रम संख्या 08 के लिए एकल मद के तहत आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत | रूपये 6495.52 लाख |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने की तारीख | 03 जुलाई 2025 प्रात: 9.30 बजे से 24 जुलाई 2025 सायं 4.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की तारीख | 24 जुलाई 2025 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 25 जुलाई 2025 सायं 4.00 बजे |

निविदा सम्बन्धित जानकारी राजस्थान पुलिस की बेबसाइट www.police.rajasthan.gov.in/ www.sppp.raj.nic.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी। इच्छुक संवेदको को निविदा संबंधित जानकारी प्रबन्ध निदेशक कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है। भविष्य में निविदाओं में संशोधन होने पर उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रेषित किया जावेगा।
UBN No. : RID2526WLOB00193, 001944, 00195, 00196, RID2526WSOB00197, 00198, 00199, 00200
महाप्रबन्धक
राजस्थान पुलिस आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड
राज.संवाद/सी/25/5336

# मोबाइल सर्जिकल यूनिट राजस्थान के विलुप्त पदों की पुन: सुचारू रूप से बहाल करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मोबाइल सर्जिकल यूनिट राजस्थान जयपुर (एमएसयू) जयपुर के सेवानिवृत्त स्टाफ की ओर से गठित मोबाइल सर्जिकल यूनिट बचाओ संघर्ष समिति ने इस इकाई की गिरती स्थिति पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार से निवेदन किया है कि वे इस यूनिट के पूर्व के सभी चिकित्सकीय व प्रशासनिक पदों को पुन: सुचारू बहाल करें। ताकि यह सेवा पुन: सुचारू रूप से अपनी पूर्ण क्षमता के साथ गरीबों और चिकित्सा से वंचित वर्ग तक पहुँच सके। मोबाइल सर्जिकल यूनिट बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक रामसहाय ब्रह्मभट्ट ने बताया कि हम राज्य सरकार में उच्च पदाधिकारियों जैसे राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, पूर्व प्रतिपक्ष के नेता राजेंद्र राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व चिकित्सा मंत्री कालीचरण सराफ, भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान अध्यक्ष मदन राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधी को यह ज्ञापन दे चुके है पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। हमारा यही मकसद है कि सरकार इस याचिका को गंभीरता से ले और इस इकाई को पुन: बहाल करें। मोबाइल सर्जिकल यूनिट बचाओ संघर्ष समिति महामंत्री मोहन लाल शर्मा ने बताया कि संघर्ष समिति द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन के अनुसार, भ्रमणशील शल्य चिकित्सा इकाई की स्थापना वर्ष 1956 में राजस्थान के सुदूर ग्रामीण एवं वंचित क्षेत्रों को स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से की गई थी। यह एशिया की एकमात्र इकाई है, जिसमें अ श्रेणी की सभी चिकित्सा सुविधाओं सहित 500 शैय्याओं का चलता-फिरता अस्पताल संचालित होता रहा है। आवश्यकता पड़ने पर इसकी क्षमता को 1000 शैय्याओं तक बढ़ाई जा सकती है।अब तक इस यूनिट द्वारा करीब 1,200 से अधिक शिविर आयोजित किये गए है जिसमे 41 लाख मरीजों को ओपीडी सुविधा तथा 4.35 लाख सर्जिकल ऑपरेशन द्वारा उपचार प्रदान किया जा चुका है। वर्ष 2015 से 2020 तक ही 45 शिविर आयोजित कर 56,557 ओपीडी मरीजों को सेवा दी गई, जिनमें 10,874 ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए। मीडिया प्रभारी मदनलाल डांगी मार्च 2024 में राज्य सरकार द्वारा इस यूनिट के कई पदों को समाप्त कर दिया गया, जिससे यूनिट का संचालन बाधित हुआ। वर्तमान में केवल एम.बी.बी.एस. स्तर के चिकित्सा अधिकारी नियुक्त हैं, जिससे जटिल ऑपरेशन व विशेषज्ञ सेवाएं बाधित हैं। पूर्व में यूनिट में निम्नानुसार पद संरचना रही है, वरिष्ठ विशेषज्ञ - 7; कनिष्ठ विशेषज्ञ - 9; चिकित्सा अधिकारी - 7; नर्स प्रथम - 16; नर्स द्वितीय - 34; अन्य स्टाफ सहित कुल पद - 165 स्वीकृत थे जिनमें से मात्र 27 पद वर्तमान में शेष रह गए हैं। इसके अलावा एम.एस.यू. के लेखाकर्मी के पद स्वीकृत न होने कारण सभी काम बाधित हो रहे हैं। हमारी मांग है कि इस यूनिट को पुन: सुचारु रूप से अपनी पूर्ण क्षमता के साथ 8 करोड़ राजस्थान की गरीब जनता के लिए चालू की जाए तथा पूर्व की भांति निर्देशक के पद पर विशेषज्ञ चिकित्सक (पीजी) अधिकारी ही नियुक्त हो और सैटलाइट अस्पताल को मोबाइल सर्जिकल यूनिट, जयपुर के निर्देशक, एम.एस.यू. (विभागाध्यक्ष) के नियंत्रण में रखा जाए।



राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड प्रथम,जयपुर**
सी-ब्लॉक, बेसमेन्ट, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005 (राज), फोन : 0141-2229737
क्रमांक : 597 दिनांक : 26.6.2025
**निविदा सूचना संख्या 26/2025-26**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत जयपुर एवं कोटपूतली-बहरोड जिले में विभिन्न 2 कार्यों हेतु (अधिकतम लागत रु 4.99 लाख) हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग/ राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभागों/अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के अनुभवी संवेदकों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण डीआईपीआर की वेबसाइट www.dipronline.org, www.sppp.raj.nic.in व विभागीय वेबसाई http:rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।
UBN
1. NRH2526WS0B00579
2. NRH2526WS0B00580
अधिशाषी अभियंता
चि.एवं स्वा. खण्ड प्रथम
जयपुर
DIPR/C/8904/2025

## सम्पादकीय

# बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण से बेचैन हुआ विपक्ष

बिहार में इस तरह का आखिरी गहन संशोधन 2003 में किया गया था। चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में 2003 की मतदाता सूची को फिर से वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जिसमें 4.96 करोड़ लोगों के नाम हैं। इनमें शामिल लोगों को जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं देने होंगे।

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इन्टेन्सिव रिवीजन — एस.आई.आर.) का काम शुरू हो गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक उसकी इस पहल का मकसद मतदाता सूची को शुद्ध और वास्तविक बनाना है। हालांकि, विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में छेड़छाड़ के व्यापक आरोप लगाए हैं। लगभग सभी ने एसआईआर का विरोध किया है और कहा है कि इससे मताधिकार से वंचित होने का गंभीर खतरा है। बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

बिहार में इस तरह का आखिरी गहन संशोधन 2003 में किया गया था। चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में 2003 की मतदाता सूची को फिर से वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जिसमें 4.96 करोड़ लोगों के नाम हैं। इनमें शामिल लोगों को जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं देने होंगे। बाकी 3 करोड़ मतदाताओं को प्रमाण के लिए दस्तावेज देने होंगे। वोटिंग लिस्ट में ये संशोधन ऐसे वक्त किए जाने हैं जब बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. ऐसे में विपक्षी पार्टियां इस पर नाराज़गी जता रही हैं। इस मसले पर विपक्ष की ओर से एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई थी, जिसमें बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कई मुद्दे उठाए थे और व्यावहारिक समस्याएं बताई थीं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कदम को एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) से भी ज्यादा खतरनाक बताया और आरोप लगाया कि उनका राज्य, जहां अगले साल चुनाव होने हैं, असली लक्ष्य है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 जून को महाराष्ट्र की मैच फिक्सिंग के बारे में कई बातें लिखी थीं। उन्होंने लिखा था, ज्क्योंकि महाराष्ट्र की यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर वहां भी, जहां-जहां बीजेपी हार रही होगी।

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पिछले दरवाजे से एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) लाने का एक भयावह कदम है। इससे पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसको लेकर सवाल उठाए। उन्होंने 27 जून को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, निर्वाचन आयोग बिहार में गुप्त तरीके से एनआरसी लागू कर रहा है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 2 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 311 सेंट मिल्टिएड्स ने कैथोलिक पोप के रूप में अपना शासन शुरू किया।
- 626 जुआनवु गेट की घटना में, राजकुमार ली शिमिन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों, सम्राट गाओजू के बेटों ली युआनजी और ली जियानचेंग पर हमला कर उनकी हत्या की और सम्राट को उत्तराधिकारी के रूप में नामित करने के लिए मजबूर किया।
- 706 चीनी सम्राट गाओज़ोंग, उनकी पत्नी महारानी वू ज़ेटियन और परिवार के अवशेषों को सम्राट झोंगज़ोंग ने चांगआन के बाहर कियानलिंग मकबरे में दफनाया।फ़ैमिली वेकेशन पैकेज
- 763 माया किनिच याक्स कुक मो राजवंश के 16वें और अंतिम शासक याक्स पैक ने अपने पिता स्मोक शेल की मृत्यु के बाद कोपन के सिंहासन पर कब्जा किया।
- 963 शाही सेना ने कैप्पाडोसियन कैसरिया के मैदानों में नाइसिफोरस फोकस को रोमनों का सम्राट घोषित किया।
- 1140 हार्टबर्ट यूट्रेक्ट के बिशप बने।
- 1214 रोश-ओ-मोइन की घेराबंदी समाप्त हुई, जो इंग्लैंड के राजा जॉन द्वारा नॉरमैंडी को पुनः प्राप्त करने का प्रयास था।
- 1266 पर्थ की संधि के तहत नॉर्वे ने हेब्रिड्स और आइल ऑफ मैन पर स्कॉटिश संप्रभुता को मान्यता दी।
- 1298 गॉल्हेम की लड़ाई में जर्मन राजा अल्बर्ट प्रथम ने Adolf of Nassau को हराया, जिसके परिणामस्वरूप एडोल्फ की मृत्यु हुई।
- 1505 मार्टिन लूथर ने एक भयंकर तूफान के बाद भिक्षु बनने की घोषणा की।
- 1555 तुर्की नौसेना कमांडर ड्रैगुट ने इतालवी शहर पाओला पर हमला किया।
- 1561 इथियोपिया के सम्राट मेनास ने एम्फ्राज़ में विद्रोह को हराया।
- 1570 ओटोमन साम्राज्य ने वेनिस नियंत्रित साइप्रस पर आक्रमण किया और अगस्त 1571 में द्वीप पर नियंत्रण प्राप्त किया।
- 1576 मुइटेन्डे स्पेनिश सैनिकों ने ज़ुएरिक सागर पर विजय प्राप्त की।
- 1578 अंग्रेज खोजकर्ता मार्टिन फ्रोबिशर ने बफिन द्वीप का दौरा किया।
- 1582 यामाजाकी की लड़ाई में टोयोटोमी हिदेयोशी ने अकेची मित्सुहाइड को हराया।
- 1600 निउवपोर्ट की लड़ाई में नासाउ के मौरिस काउंट ने स्पेनिश सेना पर विजय प्राप्त की।
- 1613 सैमुअल आर्गेल ने मैसाचुसेट्स से अकाडिया के खिलाफ पहला अंग्रेजी अभियान चलाया।
- 1644 मार्स्टन मूर की लड़ाई में संसदीय बलों ने राजभक्तों को हराया।
- 1679 यूरोपीय लोगों ने मिनेसोटा का दौरा किया और मिसिसिपी के जलस्रोत देखे।
- 1681 अर्ल ऑफ शैफ्ट्सबरी को उच्च राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया।
- 1687 राजा जेम्स द्वितीय ने अंग्रेजी संसद को भंग किया।
- 1698 थॉमस सेवेरी ने पहले भाप इंजन का पेटेंट कराया।

विशेष आलेख

# क्या पीएमएमएल ट्रस्ट सोनिया गाँधी पर चोरी का मुकदमा दर्ज करायेगा?



रामस्वरूप रावतसरे

**पीएमएमएल ट्रस्ट के सूत्रों ने बताया कि वे इन दस्तावेजों की कथित 'चोरी' को लेकर कानूनी जाँच पर विचार कर रहे हैं। पीएमएमएल के लोगों का कहना है कि ये दस्तावेज पहले दान किए गए थे और इसलिए ये अब कानूनी रूप से संस्थान की संपत्ति हैं। अगर यह साबित होता है कि इन दस्तावेजों को गैरकानूनी तरीके से संस्थान के कब्जे से हटाया गया था, तो सोनिया गाँधी को इस मामले में कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। मामले में गंभीर जाँच होने की संभावना है, जो सोनिया गाँधी पर शिकंजा बढ़ाएगी। इस पूरे विवाद की जड़ पंडित जवाहरलाल नेहरू के निजी संग्रह से जुड़े उन ऐतिहासिक दस्तावेजों में है, जिनमें कई मशहूर हस्तियों के साथ उनकी पत्रों से बातचीत शामिल है। इनमें एडविना माउंटबेटन, अल्बर्ट आइंस्टीन, जयप्रकाश नारायण, विजया लक्ष्मी पंडित, बाबू जगजीवन राम और अरुणा आसफअली जैसे बड़े नाम शामिल हैं।**

कांग्रेस नेता सोनिया गाँधी पर जल्द ही चोरी का मुकदमा दर्ज हो सकता है। प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से जुड़े कुछ निजी दस्तावेजों को वापस पाने के लिए इस एक्शन पर विचार कर रही है। ये दस्तावेज वर्ष 2008 में यूपीए सरकार के दौरान हटाए गए थे। इस मामले में 23 जून, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अध्यक्षता में एक बैठक हुई थी। यह बैठक पीएमएमएल सोसाइटी वार्षिक बैठक थी। इस बैठक में इस मुद्दे पर भी गंभीर चर्चा की गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बैठक में शामिल सदस्यों के बीच सहमति बनी कि अब इस मामले को कानूनी रास्ते से सुलझाया जाना चाहिए।

पीएमएमएल ट्रस्ट के सूत्रों ने बताया कि वे इन दस्तावेजों की कथित 'चोरी' को लेकर कानूनी जाँच पर विचार कर रहे हैं। पीएमएमएल के लोगों का कहना है कि ये दस्तावेज पहले दान किए गए थे और इसलिए ये अब कानूनी रूप से संस्थान की संपत्ति हैं। अगर यह साबित होता है कि इन दस्तावेजों को गैरकानूनी तरीके से संस्थान के कब्जे से हटाया गया था, तो सोनिया गाँधी को इस मामले में कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। मामले में गंभीर जाँच होने की संभावना है, जो सोनिया गाँधी पर शिकंजा बढ़ाएगी। इस पूरे विवाद की जड़ पंडित जवाहरलाल नेहरू के निजी संग्रह से जुड़े उन ऐतिहासिक दस्तावेजों में है, जिनमें कई मशहूर हस्तियों के साथ उनकी पत्रों से बातचीत शामिल है। इनमें एडविना माउंटबेटन, अल्बर्ट आइंस्टीन, जयप्रकाश नारायण, विजया लक्ष्मी पंडित, बाबू जगजीवन राम और अरुणा आसफअली जैसे बड़े नाम शामिल हैं। ये दस्तावेज 1971 से लेकर 2008 तक नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी (एनएमएमएल) में रखे गए थे। एनएमएमएल का नाम बदल कर अब प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय ( पीएमएमएल ) हो गया है। यह पूरा विवाद वर्ष 2008 में चालू हुआ था। तब यह कागज कथित तौर पर 51 बक्सों में पैक कर सोनिया गाँधी द्वारा संग्रहालय से निकाल लिए गए बताए जा रहे है। यह भी बताया जा रहा है कि इनमें वे दस्तावेज भी शामिल थे जिन्हें पहले इंदिरा गाँधी और बाद में सोनिया गाँधी ने एनएमएमएल को दान किया था, क्योंकि गाँधी परिवार उत्तराधिकारी के रूप में काम कर रहा था। पीएमएमएल इससे पहले कई बार सोनिया गाँधी के कार्यालय को कई बार पत्र भेजकर उन दस्तावेजों को लौटाने की अपील कर चुका है। जानकारी के अनुसार गुजरात के इतिहासकार और पीएमएमएल सोसाइटी के सदस्य प्रोफेसर रिजवान कादरी ने भी सितंबर 2024 में सोनिया गाँधी और फिर दिसंबर, 2024 में राहुल गाँधी को पत्र लिखे थे। उन्होंने निवेदन किया कि अगर दस्तावेज वापस नहीं दिए जा सकते, तो कम से कम उनकी फोटोकॉपी या डिजिटल स्कैन ही भेज दिए जाएँ। जानकारी के अनुसार लगातार कहने के बावजूद सोनिया गाँधी और राहुल गाँधी ने कोई जवाब नहीं दिया है। इसके चलते यह मामला काफी गंभीर हो गया है। अब पीएमएमएल इस मामले में कानूनी रास्ते तलाश रहा है और जल्द एक्शन ले सकता है।

प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक हाल ही में तीन मूर्ति भवन में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। इसमें सोसाइटी के उपाध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण, धर्मेंद्र प्रधान और अश्विनी वैष्णव सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। अन्य प्रमुख सदस्यों में भाजपा नेता स्मृति ईरानी, गीतकार प्रसून जोशी और रेलवे बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अश्विनी लोहानी भी मौजूद थे। लोहानी अब पीएमएमएल के निदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं। बैठक में इस मुद्दे पर दोबारा चर्चा की गई। यह इससे पहल फरवरी 2024 की एजीएम में उठाया गया था।

पीएमएमएल के सदस्यों का मानना है कि ये दस्तावेज सिर्फ परिवार की निजी संपत्ति नहीं हैं, बल्कि राष्ट्रीय धरोहर हैं और इन्हें संस्थान के पास सुरक्षित रहना चाहिए। इस पर सभी सदस्यों की आम सहमति बनी। फरवरी की बैठक के बाद इस मामले में कानूनी सलाह ली गई और इसी के आधार पर सोनिया गाँधी के कार्यालय को एक औपचारिक पत्र भेजा गया। इसमें पहली बार आधिकारिक तौर पर यह रिकॉर्ड में रखा गया कि दस्तावेज वापस ले लिए गए हैं और उन्हें लौटाने का अनुरोध किया गया है। हालाँकि, गाँधी परिवार की ओर से अभी तक कोई जवाब नहीं आया। अब पीएमएमएल सोसाइटी के सदस्य 2014 से पहले की प्रशासनिक चूक को सुधारने की दिशा में कदम उठा रहे हैं, ताकि नेहरू से जुड़े ये ऐतिहासिक दस्तावेज दोबारा सार्वजनिक संग्रह में आ सकें। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) ट्रस्ट अब कानूनी सलाह पर विचार कर रहा है। इसके अनुसार, एक बार जो दस्तावेज दान कर दिए जाते हैं, उनको वापस नहीं लिया जा सकता। इसलिए ट्रस्ट का मानना है कि नेहरू गाँधी परिवार द्वारा दान किए गए दस्तावेज अब भी संग्रहालय की वैध संपत्ति हैं। बैठक में इन कागजों के मालिकाना हक, इनके संरक्षण, कॉपीराइट और इन ऐतिहासिक दस्तावेजों को शोधकर्ताओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने से जुड़ी चिंताओं पर भी चर्चा हुई। खासतौर पर नेहरू और एडविना माउंटबेटन के बीच हुए पत्राचार की पूरी जानकारी रखने पर जोर दिया गया।

# खेजड़ी लगाएं, मरुस्थल में जीवन लौटाएं



अरविन्द सुथार कागमाला
जालोर (राजस्थान)

**खेजड़ी को मारवाड़ का कल्पवृक्ष कहा जाता है, और यह केवल कहने भर की बात नहीं है। यह पेड़ अपने गुणों से सिद्ध करता है कि क्यों इसे मरुस्थल का जीवनदाता कहा जाता है। यह 50 डिग्री तापमान में भी हरा रहता है, इसकी जड़ें धरती की गहराई से पानी खींच लाती हैं और इसकी छांव में इंसान से लेकर पशु-पक्षी तक चैन पाते हैं। यह एक ऐसा वृक्ष है, जो बिना किसी विशेष देखभाल के भी अपना धर्म निभाता है - छांव देता है, चारा देता है, हवा को साफ करता है, मिट्टी को थामे रखता है और रेत को उड़ने से रोकता है।**

जब आकाश में पहली घटाएं मंडराती हैं और रेत की तपती ज़मीन पर पहली बूंद गिरती है, तो वह केवल पानी नहीं गिरता – वह जीवन गिरता है। राजस्थान की यह धरती, जो साल के कई महीने तपिश में झुलसती है, जब बरसात की पहली भीनी-भीनी बारिश से भीगती है, तब वह मानो चैन की सांस लेती है। लेकिन यह राहत चंद दिनों की होती है, क्योंकि रेत फिर सूख जाती है, नमी खो जाती है और हरियाली सपनों में कहीं गुम हो जाती है। ऐसे में एक ही पेड़ है, जो इस जमीन की धड़कनों को लंबे समय तक जिंदा रख सकता है – खेजड़ी यह पेड़ केवल प्रकृति का हिस्सा नहीं, बल्कि राजस्थान की आत्मा है।

खेजड़ी को मारवाड़ का कल्पवृक्ष कहा जाता है, और यह केवल कहने भर की बात नहीं है। यह पेड़ अपने गुणों से सिद्ध करता है कि क्यों इसे मरुस्थल का जीवनदाता कहा जाता है। यह 50 डिग्री तापमान में भी हरा रहता है, इसकी जड़ें धरती की गहराई से पानी खींच लाती हैं और इसकी छांव में इंसान से लेकर पशु-पक्षी तक चैन पाते हैं। यह एक ऐसा वृक्ष है, जो बिना किसी विशेष देखभाल के भी अपना धर्म निभाता है – छांव देता है, चारा देता है, हवा को साफ करता है, मिट्टी को थामे रखता है और रेत को उड़ने से रोकता है।

कवि ने खेजड़ी के बारे में क्या खूब लिखा हैं कि–

'मरुधर माही थने नमे सब, ढाणी मजरा गाँव खेजड़ी ।
किया बखानु थारी माया, धन-धन थारी छांव खेजड़ी ।।'

यह दोहा आज भी गांव-गांव में सुनाई देता है। आज जब हरियाली धीरे-धीरे खेतों से दूर हो रही है और गाँव-कस्बों में भी पक्की सड़कों और सीमेंट की दीवारों ने पेड़ों की जगह छीन ली है, तब खेजड़ी को लगाना केवल एक पर्यावरणीय कार्य नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक जिम्मेदारी बन जाती है। हमें इसे फिर से अपने जीवन में उतारना होगा – बचपन की तरह, जब दादी-नानी खेजड़ी की डालियों से बनी झूले में बैठा करती थीं और उसकी पत्तियों से चारे की महक उठती थी। खेजड़ी का कोई भी हिस्सा व्यर्थ नहीं जाता, इस पर लगने वाली सांगरी की तुलना सूखे मेवों से की जाती है। सांगरी को गर्म पानी में उबालकर सुखाते है तो वर्षभर सब्जी के रूप में काम आती है, वहीं कच्ची सांगरी की सब्जी तो बेहद स्वादिष्ट लगती है, पत्तियाँ पशुओं के लिए चारा हैं, लकड़ी जलाने के लिए उपयुक्त है, छाल भी औषधीय गुणों से भरपूर हैं और सबसे खास बात यह मिट्टी को उपजाऊ बनाता है। किसान इसे खेतों की मेड़ पर लगाते हैं ताकि हवा से उड़ती रेत रोकी जा सके, और खेत की मिट्टी बहने से बच सके। यह एक कृषक का साथी है, एक चरवाहे की छांव है और एक पथिक का विश्राम स्थल।

आज जब जलवायु परिवर्तन अपने चरम पर है, जब तापमान हर साल रिकॉर्ड तोड़ता जा रहा है, जब भूजल नीचे जा रहा है और बारिश का चक्र अनियमित होता जा रहा है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



श्रीमती ज्योति भारद्वाज
(एफए एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर की एफ.ए ज्योति भारद्वाज जी। स्कूली शिक्षा केवी अलवर, से पूर्ण हुई उसके बाद बीएससी (ऑनर्स) महारानी कॉलेज जयपुर से जूलॉजी, एमएससी मनोविज्ञान राज: यूनिवर्सिटी बीएससी में स्वर्ण पदक विजेता और राजस्थान में पीजी में दूसरा स्थान लेकर अपना व अपने पूरे परिवार का नाम रोशन किया।

6 जनवरी 2000 से 31 अक्टूबर 2004 तक एओ सोइल कंजर्वेशन एंड वॉटर शेड डिपार्टमेंट, जयपुर पोस्टिंग रही । इसके बाद डेवलपमेंट, टीआईबी मुंबई . 2004 से 2007 तक। औद्योगिक उद्यम सेवा रोडवेज 2007 से 2008। सीनियर एओ यूआईटी, अलवर 2008 से 2009। कोषाधिकारी अलवर 2009 से 2014। नियंत्रक मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर 2014 से 2016। टीओ, वेबसाइट 2016 से 2018 तक।

कंट्रोलर फाइनेंस, एस एस ए, जयपुर .2018 से 2019। नियंत्रक वित्त जेआरआर संस्कृत विश्वविद्यालय 2019 से 2020। नियंत्रक वित्त राज: आईएलडी कोचिंग विश्वविद्यालय 2020 से 2021। एफ ए डीओपी सचिवालय, जयपुर 2021 से 2023।

एफ राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी 2023 से 2024। एफए एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर . 15 मार्च 2024 से निरंतर वर्तमान पद तक हैं। शानदार अधिकारी हैं। अपने अधिनस्थ कर्मचारी व अधिकारी के साथ समन्वय और अपने उच्चाधिकारी के साथ बेहतरीन तालमेल के माध्यम से सरकारी योजनाओं के क्रियान्वहन करने का प्रयास करती हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## संस्मरण
बढ़ता राजस्थान

# गुरु अर्जुन देव ने सत्य और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का दिया था बलिदान

सिखों के पांचवे गुरु, गुरु अर्जुन देव ने सत्य और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण बलिदान कर दिए। वह सिखों के पांचवे गुरु थे। उन्होंने आदि गुरु ग्रंथ साहिब का संकलन किया। 16 जून 1606 में गुरु अर्जुन देव की शहादत ने सिख समुदाय के लोगों को अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा दी थी।

पांचवे सिख गुरु, गुरु अर्जुन देव ने का नाम सिख इतिहास में एक ऐसी महान आत्मा के रूप में दर्ज है, जिन्होंने सत्य और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण बलिदान कर दिए। वह सिखों के पांचवे गुरु थे। उन्होंने आदि गुरु ग्रंथ साहिब का संकलन किया। इसके साथ ही उन्होंने हरमंदिर साहिब यानी की स्वर्ण मंदिर की नींव रखी थी। बता दें कि 16 जून 1606 में गुरु अर्जुन देव की शहादत ने सिख समुदाय के लोगों को अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा दी थी।

गोइंदवाल में 15 अप्रैल 1563 को गुरु अर्जुन देव का जन्म हुआ था। इनके पिता गुरु रामदाय जी थे, जोकि चौथे सिख गुरु थे। उन्होंने सिख धर्म को संगठित करने में अहम भूमिका निभाई थी। गुरु अर्जुन देव द्वारा आदि ग्रंथ का संकलन उनकी सबसे बड़ी देन थी। जिसमें उन्होंने सिख गुरुओं, हिंदु और मुस्लिम संतों की वाणी को भी सम्मिलित किया था। गुरु अर्जुन देव ने पंजाब के अमृतसर में हरमंदिर साहिब की स्थापना की। जोकि आज के समय में सिखों का सबसे पवित्र तीर्थ स्थल है। इसके अलावा उन्होंने सुखमनी साहिब जैसे पवित्र बानी की रचना की और समाज में समानता का संदेश दिया था।

गुरु अर्जुन देव के समकालीन मुगल शासक जहांगीर का शासन था। सिख पंथ के बढ़ते प्रभाव से मुगल बादशाह जहांगीर आशंकित था। जब जहांगीर के विद्रोही बेटी खुसरो ने अपने पिता के खिलाफ बगावत की, तो खुसरो गुरु अर्जुन देव की शरण में पहुंचा। इस घटना को आधार बनाकर जहांगीर ने गुरु अर्जुन देव पर राजद्रोह का आरोप लगा दिया और उनकी गिरफ्तारी के आदेश दिए। गुरु अर्जुन देव को गिरफ्तार करने के बाद उनके सामने दो शर्तें रखी गईं, जिसमें या तो वह इस्लाम स्वीकार करें या फिर भारी जुर्माना अदा करें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
मेष राशि वालों का दिन मेहनत और लगन से काम करने का है। आपके पास साहस की कमी नहीं है, पर अकारण व्यवधान लाभ के रास्ते में रुकावट बन सकते हैं। यदि आप किसी नई योजना की शुरुआत करना चाहते हैं तो थोड़ा समय लें ।

### वृष
वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी से काम करने का है। किसी कार्य में अत्यधिक जल्दबाजी आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। संयम बनाए रखें और खासतौर पर आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

### मिथुन
मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कोई नया टार्गेट या क्लाइंट मिलने की संभावना है, लेकिन यह आपके धैर्य की परीक्षा लेगा। पैसों के लेन-देन में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### कर्क
कर्क राशि के लोगों को सलाह है कि भाग्य के भरोसे न बैठें, आपको अपनी मेहनत के बल पर ही सफलता मिलेगी। कोई लंबी यात्रा की योजना बन सकती है जो थकान भरी होगी, पर उससे जुड़े लाभ भी होंगे। कार्यक्षेत्र में कोई अधूरा कार्य पूरा करने का दबाव रहेगा

### सिंह
सिंह राशि के लोगों के लिए समय अनुकूल है। आपके अधूरे काम सहजता से पूरे होंगे और मन में आत्मविश्वास बना रहेगा। कोई नया व्यवसायिक अवसर मिल सकता है, जिससे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कन्या
कन्या राशि के लोगों का दिन शुभ रहेगा। सामाजिक समारोह में भाग लेने का मौका मिल सकता है। घर में किसी धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में योजनाएं फलीभूत होंगी, विशेषत: शिक्षा और लेखन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

### तुला
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

### वृश्चिक
वृश्चिक राशि के लोगों का दिन तरक?की से भरा होगा। जटिल कार्यों का समाधान मिलेगा और नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत हो सकती है। व्यापार में साझेदारी लाभकारी साबित होगी। मानसिक तनाव और सिरदर्द हो सकता है।

### धनु
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### मकर
मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और पुरुषार्थ व साहस के बल पर आप नई ऊंचाइयां छू सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी पुराने मुद्दे का समाधान मिलेगा। किसी चल-अचल संपत्ति का विवाद हल हो सकता है।

### कुंभ
कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है। नियोजित योजनाएं सफल होंगी।

### मीन
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नया सीखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप राजनीति में भी हाथ आजमाने की सोचेंगे। यदि आपका प्रॉपर्टी को लेकर कोई मामला अटका हुआ था, तो वह भी सुलझ सकता है।

# रणथंभौर नॉन पर्यटन जोन : खटाई में पड़ी वन विभाग की सस्ती सफारी की योजना

## वजह : मामला उच्च न्यायालय में होने कारण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रणथम्भौर क्षेत्र के नॉन पर्यटन जोन में सस्ती सफारी शुरू करने की वनविभाग की योजना खटाई में पड़ गई है। हुआ यूं कि जिस जमीन को वनविभाग आईओसीएल से लेना चाह रहा था। उस जमीन का रीको ने आईओसीएल को 1983 में पट्टा दिया था। वनविभाग इस जमीन को लेना चाह रहा था, जिस पर आईओसी ने सहमति जताई थी। लेकिन उक्त जमीन का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण आईओसीएल ने इस जमीन को देने का प्रस्ताव फिलहाल स्थगित कर दिया है। ऐसे में वन विभाग की योजना खटाई में पड़ गई है। गौरतलब है कि गत दिनों जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान और गुजरात के गिर की तरह रणथम्भौर में भी बंद गाड़ी में टाइगर सफारी शुरू करने को लेकर वनविभाग ने एक प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा था। लेकिन अब यह योजना साकार होती नहीं दिख रही है। इस दौरान इसका सफल करार भी हुआ, जो कि रिजर्व प्राइस से दो गुना से ज्यादा कीमत पर खोला गया। उस समय आइओसीएल के अधिकारियों ने लगभग 10 महीने बाद टेंडर को बिना उचित कारण के निरस्त कर दिया था। जिसके कारण यह मामला उच्च न्यायालय में चला गया। न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बावजूद आईओसीएल ने इस जमीन को बेचने के लिए साल 2021 में टेंडर निकाला, जिस पर 6 अक्टूबर 2021 को यथास्थिति के आदेश हो गए। अब फिर से इसी भूमि के लिए आईओसीएल के महाप्रबंधक ने वन विभाग को सौंपने की सहमति दी थी। लेकिन यह विवाद सामने आने के बाद अब आईओसीएल ने भी इस जमीन को वनविभाग को सौंपने का प्रस्ताव निरस्त कर दिया है।

### इनका कहना है

पूर्व में वनविभाग को जमीन देने का प्रस्ताव था, लेकिन इस मामले को लेकर उच्च न्यायालय में स्टे होने के चलते यह आगे नहीं बढ़ा। अभी जमीन को वनविभाग को देने का कोई प्रोविजन नहीं है।

**योगेंद्र जैप, मैनेजर लॉ, आईओसीएल, राजस्थान**

### यह है मामला

एलपीजी बॉटलिंग प्लांट स्थापित करने के लिए आईओसीएल को करीब 94 एकड़ भूमि वर्ष 1983 में 99 साल की लीज पर रीको की ओर से दी गई। उक्त जमीन पर आईओसीएल की ओर से लगभग 18 वर्ष तक गैस प्लांट चलाया गया। इसके बाद आईओसीएल ने गैस पाइपलाइन आने की वजह से नया बॉटलिंग प्लांट सीतापुरा जयपुर में स्थापित कर दिया और यहां का प्लांट बंद कर दिया। आइओसीएल ने बंद गैस बॉटलिंग प्लांट की जमीन को विक्रय करने का टेंडर वर्ष 2010 में किया। इसमें सात कंपनियों ने भाग लिया था।



## जिला कार्यकारिणी ने मंत्री का भव्य स्वागत

# प्रदेश के जलदाय मंत्री ने दी जार की जिला कार्यकारिणी को बधाई व शुभकामनाऐं

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी अपने व्यस्तम समय में से समय निकाल कर जर्नलिस्ट एसोशियसन आफ राजस्थान की जिला कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाऐं दी है। जर्नलिस्ट एसोशियसन आफ राजस्थान (जार) की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह जिला मुख्यालय स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बतोर मुख्य अतिथि प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को भाग लेना था। लेकिन उप राष्ट्रपति जगदीप घनकड़ के प्रदेश दौरे को लेकर उप राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की ड्यूटी उप राष्ट्रपति के प्रोटोकाल में लगा दिए जाने के चलते जलदाय मंत्री चौधरी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। लेकिन जैसे ही जलदाय मंत्री चौधरी को समय मिला और प्रोटोकाल की ड्यूटी समाप्त हुई उसी के साथ कन्हैयालाल चौधरी अपने आगे के सभी सरकारी कार्यक्रमो को निरस्त कर जिला मुख्यालय पहुंच कर जार की नवगठित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियो से मिले। इस दौरान जलदाय मंत्री के कार्यक्रम स्थल पहुंचते ही जार के जिलाध्यक्ष बृजेश पराड़ीवाल, जार के प्रदेश सचिव व जिला संयोजक पुरूषोतम जोशी के नेतृत्व में मौजुद पत्रकारो ने जलदाय मंत्री चोधरी की अगवानी कर स्वागत सम्मान किया। इस दोरान जलदाय मंत्री ने जार की नवीन जिला कार्यकारिणी सहित सभी सदस्यो बधाई एवं शुभकामनाऐं दी। साथ ही जलदाय मंत्री ने सभी पत्रकारो से आव्हान करते हुए कहा कि सच्चाई छापे और यदि गलत करता है तो उसकी गलती भी छापे लेकिन नकारात्मक पत्रकारिता के बजाय सकारात्मक पत्रकारिता कर अपने कर्तव्यो को ईमानदारी के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि टोंक जिला विकास की दृष्टि से काफी पिछड़ा है जिसका मुख्य कारण बाहर जनप्रतिनिधियो का होना है। इसलिए बाहरी के स्थान पर स्थानीय जनप्रतिनिधियो के निर्वाचन को लेकर अपनी लेखनी के माध्यम से आम जन को जागरूक करे। यदि जनप्रतिनिधि स्थानीय होगा तो विकास भी होगा और समस्याओं का त्वरित समाधान भी होगा। उन्होंने पत्रकारो से आव्हान करते हुए कहा कि कमियां देखे और छापे लेकिन यदि अच्छाई दिखती है तो उसे भी प्रकाशित कर अपने नैतिक धर्म का ईमानदारी से पालन करें।

# सरकारी योजनाओं का प्रभाव धरातल पर दिखे : कलक्टर

## रीको, उद्योग, श्रम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं रोजगार विभाग की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में रीको, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं रोजगार कार्यालय के अधिकारियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में संबंधित विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं एवं अन्तर विभागीय मुद्दों तथा जिले में विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का प्रभाव धरातल पर दिखाई देना चाहिए और जिले के समग्र औद्योगिक विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए ताकि जिले का विकास तेजी से हो। इस दौरान उन्होंने जिले में रीको द्वारा आवंटित औद्योगिक क्षेत्र दुब्बी बिदरखां, गंगापुर सिटी में ओ संरचनात्मक विकास करवाने, राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सबमिट के दौरान निवेशको द्वारा किए गए एमओयू के अनुसार सिक्योरिटी शीघ्र धरातल पर उतारने के निर्देश जीएस मीणा को दिए। कलक्टर ने सवाई माधोपुर जिले में किए गए एमओयू की जानकारी प्राप्त कर उन्हें धरातल पर उतारने के निर्देश महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सुग्रीव मीणा को दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत परीक्षण कार्यशालाएं आयोजित करने, अधिक से अधिक पात्र प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित करने, जागरूकता अभियान चलाकर आवेदन संख्या में वृद्धि करने तथा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर भी विशेष बल दिया गया। बैठक में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी बलजीत मीना, रीकों के क्षेत्रीय प्रबंधक जी.एस. मीना, जिला रोजगार अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# डाक्टर्स डे पर चिकित्सको का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन व रोटरी क्लब मालपुरा सिटी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय डाक्टर्स डे पर धरती के भगवान कहे जाने वाले चिकित्सको का सम्मान किया। मंगलवार को रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के नए सत्र के प्रथम दिन क्लब अध्यक्ष महेश गुप्ता सहितससिव सोहन अग्रवाल, पवन जैन संगम, अरूण काबरा, डा. सीताराम जाट, राजेश पारीक व सीताराम स्वामी व अन्य सदस्य राजकीय जिला अस्पताल मालपुरा पहुंचे। जहां क्लब की ओर से प्रभारी कैलाश सामरिया सहित अन्य कार्यरत चिकित्सको का सम्मान कर डाक्टर्स डे की बधाई दी। इधर रोटरी क्लब मालपुरा सिटी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय डाक्टर्स डे पर खंड मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव चौधरी व अन्य चिकित्सको का सम्मान किया गया। इस मौके पर जोन कोर्डिनेटर डॉ. अंकित जैन, अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, उपाध्यक्ष सुनील कुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष सौभाग्य सिंह सहित अन्य क्लब सदस्य मौजुद रहे।

### 105 मरीजो की हुई जांच

रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के तत्वावधान में आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 105 मरीजो की जांच की गई। इस शिविर का शुभारम्भ जोन कोर्डिनेटर डॉ. अंकित जैन, उपाध्यक्ष सुनील जैन, सचिव राजाराम शर्मा ने दीप प्रज्जलवित कर किया। शिविर में 105 मरीजो की जांच के अलावा 50 मरीजो को आँखो के चश्मे वितरित किए गए तथा 20 रोगियो का आपरेशन के लिए चयन किया गया।

# पालिकाध्यक्ष सोनी दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेगी

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी भारतीय संसद हरियाणा विधानसभा के सहयोग से 3 व 4 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेगी। इस संबंध में स्थानीय निकाय विभाग निदेशक की ओर से एक आदेश जारी हुआ है। आदेश में बताया गया है कि भारतीय संसद हरियाणा विधानसभा के सहयोग से 3 व 4 जुलाई को दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का संवेधानिक लोकतंत्र को मजबूर करने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायो की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन हरियाणा राज्य के गुरूग्राम में आयोजित होगा। इस सम्मेलन के लिए प्रदेश के 29 शहरी निकार्यो के अध्यक्षो का चयन किया गया है। जिसमें नगरपालिका मालपुरा अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी को भी सम्मेलन में भाग लेने के लिए चयन किया गया है।

# मालपुरा के विकास के लिए मांगा सहयोग

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में एसडीएम अमित कुमार चौधरी ने भाजपा व कांग्रेस के अध्यक्षो के साथ बैठक आयोजित शहर व ग्रामीण क्षैत्रो के विकास में बिना किसी दलगत राजनीति में पड़े सहयोग की अपेक्षा की है। इस बैठक में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या व कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष एडवोकेट राजेन्द्र राजपुरोहित ने भाग लिया। बैठक में मौजुद दलीय नेताओं को जानकारी देते हुए उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने बताया कि मालपुरा का सम्पूर्ण प्रशासन शहर व ग्रामीण क्षैत्रो के विकास में जुटा हुआ है। साथ ही प्रशासन द्वारा विकास में आ रहे अवरोधो को भी समाप्त करने के प्रयासो में जुट कर काम कर रहा है। प्रशासन केवल विकास चाहता है और इस विकास में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह बैठक इन्हीं प्रयासो की एक कड़ी है। उन्होंने दलीय नेताओं से आव्हान करते हुए कहा कि नेताओं को केवल अपने मालपुरा के बारे में सोचना चाहिए और सकारात्मक सोच के साथ प्रशासन की ओर से किए जा रहे प्रयासो को अंजाम तक पहुंचाने में सहयोग करना चाहिए। एसडीएम चौधरी ने दलीय नेताओं से कहा कि मालपुरा आपका अपना है।

# समाजसेवी जगदीश शर्मा बॉस ने दिया प्रेरणा का संदेश

**टोंक।** समाज की भलाई में अपना जीवन समर्पित करने वाले लोग विरले ही होते हैं। ऐसे ही एक प्रेरणास्त्रोत रहे टोंक निवासी जगदीश शर्मा उर्फ जेपी (बॉस), जिन्होंने जीवन के अंतिम क्षणों में भी समाज के लिए एक अनमोल संदेश छोड़ गए—नेत्रदान महादान। हाल ही में उनकी बाईपास सर्जरी हुई थी, जिसके कुछ ही समय बाद उनका आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से टोंक सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। वे फोटो जर्नलिस्ट पवन शर्मा के बड़े भाई थे और सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहते थे। उनके नेत्रदान के पुनीत कार्य ने समाज के सामने एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान ने भी इस योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया है।

# केन्द्र व राज्य सरकार कर रही है देश व प्रदेश का चैमुखी विकास : रमाकान्त शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** खंणदेवत रोड पर स्थित तिवाड़ी पैलेस पर भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रमाकान्त शर्मा, जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह नाथावत, जिला उपाध्यक्ष ममता जाट, शहर मंडल उपाध्यक्ष नगेंद्रसिंह व शहर मंत्री जितेंद्र विजय का माला व साफा पहना कर सम्मान किया गया। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रमाकान्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा देश व प्रदेश के हर क्षेत्र में चैमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की मंशा है कि सरकारी योजनाओं का प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिले। इसके लिए कार्यकर्ता गांवों-गांवों में पहुंचकर लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारियां उपलब्ध करवाएं एवं वंचित लोगों को सरकारी योजनाओं से जोडने का कार्य करें। इस अवसर पर करण राजावत, महेश शर्मा, राजेन्द्रसिंह गुंसी, हंसराज गुर्जर, हरि गुर्जर, सुंदर सिंह व विष्णु सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चोरी की बाइक के साथ 2 युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** टोंक जिले की दूनी थाना पुलिस ने मंगलवार को चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस अब आरोपियों के पुराने रिकॉर्ड खंगाल रही है। दूनी थानाधिकारी हेमन्त जनागल ने बताया कि 30 जून को बोटूंदा निवासी आशाराम पुत्र बच्छराज प्रजापत ने रिपोर्ट दी थी। उसमें बताया था कि 5 दिसंबर 2024 को वह फोटोग्राफी का काम करने अल्का मैरिज गार्डन दूनी आया था। उसने अपनी बाइक बाहर खड़ी की थी। काम खत्म कर लौटा तो बाइक नहीं मिली थी। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी और आसूचना के आधार पर 30 जून को दिलखुश बैरवा (19) पुत्र मंगल बैरवा निवासी छाबड़ियों का नयागांव थाना दबलाना जिला बूंदी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई।

## विप्र फाउण्डेशन की जिला बैठक संपन्न

# प्रतिभाओं के सम्मान और सामाजिक समरसता की दिशा में नवाचार के निर्णय

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी ( राकेश शर्मा )।** राष्ट्रीय एकता सामाजिक समरसता और स्वजातीय गतिशीलता के उद्देश्य से विगत पंद्रह वर्षों से काम कर रहे ब्राह्मण समाज के वैश्विक संगठन विप्र फाउंडेशन (राजस्थान जोन-1 डी) की जिला इकाई, गंगापुर सिटी की महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जोन-1 डी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा ने की। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कैलाश तिवारी तथा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व आदि शंकर ई-लाइब्रेरी प्रकल्प के राष्ट्रीय प्रभारी सियाराम शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धनेश शर्मा ने बताया कि बैठक की शुरुआत में डॉ. हेमंत शर्मा द्वारा जिला कार्यकारिणी व युवा प्रकोष्ठ के नवगठित पदाधिकारियों का पारंपरिक दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बैठक में आगामी आयोजनों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इनमें जोन-1 डी के अंतर्गत आने वाले सातों जिलों में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह, गंगापुर सिटी में प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह तथा सामाजिक समरसता के अन्तर्गत सर्वजातीय प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन का भी निर्णय लिया गया। साथ ही गंगापुर सिटी में आदि शंकर ई-लाइब्रेरी प्रकल्प की स्थापना का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। संगठन महामंत्री कैलाश तिवारी ने प्रतिभा सम्मान समारोहों की योजना और स्वरूप पर प्रकाश डाला, वहीं राष्ट्रीय प्रभारी सियाराम शर्मा ने ई-लाइब्रेरी की स्थापना की प्रक्रिया और कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में विशेष रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र पाठक, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र शर्मा, प्रदेश सचिव विष्णु गुरुजी, जिला अध्यक्ष दिलीप तिवाड़ी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद पाराशर, जिला संगठन महामंत्री मदन मोहन शर्मा, युवा जिला महामंत्री अंकुश शर्मा, महामंत्री राजेन्द्र सहारिया, उपाध्यक्ष रमन शर्मा, रजनीश शर्मा, युवा जिला मंत्री हर्ष गौतम, संरक्षक गिरीश शर्मा, गोविंद सहाय शर्मा, गजानंद शर्मा एवं सचिव हरिओम शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं

# अनुशासित, कर्तव्यनिष्ठ और संवेदनशील प्रशासन प्राथमिकता : कानाराम

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर काना राम ने सवाई माधोपुर जिले की अंतरराष्ट्रीय ख्याति को और अधिक निखारने के लिए प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त रखने की प्रतिबद्धधता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में राजस्थान के इस जिले की एक विशिष्ट पहचान है, जिसे अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।



जिला कलक्टर मंगलवार को स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर रहे थे। बीते सप्ताह जिले के प्रशासनिक मुखिया के रूप में कार्यग्रहण करने के बाद पहली बार आयोजित प्रेस वार्ता में काना राम ने कहा कि अनुशासित, कर्तव्यनिष्ठ और संवेदनशील प्रशासन उनकी प्राथमिकता है। उनका प्रयास होगा कि किसी भी विशेष परिस्थिति और समस्या-समाधान के लिए संबंधित अधिकारी मौके पर अवश्य पहुंचे। ऐसा होने से यथोचित गुणवत्ता और तीव्रता से समाधान संभव हो सकेगा। जिला कलक्टर ने बताया कि सवाई माधोपुर जिले को प्रगति और विकास के पायदान पर पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन, अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों, कार्मिकों और अन्य प्रबुद्धजनों को सामूहिक और समन्वित प्रयास करने होंगे। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठकों में फीडबैक लेने की प्रक्रिया के समानांतर जन प्रतिनिधियों, वरिष्ठजनों और पत्रकारों आदि समूहों के संवाद करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसी कड़ी में मंगलवार को पत्रकारों के साथ वार्ता का आयोजन किया गया।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# इंस्टीट्यूट ऑफचार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के 77 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष मे अलवर सीए ब्रांच में सीए डे के रूप में मनाया

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफइंडिया के 77 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष मे अलवर सीए ब्रांच द्वारा सीए डे के रूप में आईसीएआई भवन में मनाया गया । ब्रांच चेयरमैन सीए नितिन गुप्ता ने बताया कि प्रात: 9 बजे से झण्डा रोहण के साथ प्रोग्राम प्रारंभ हुए । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय शर्मा मंत्री राजस्थान सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग व शहर विधायक अलवर तथा विशिष्ट अतिथि सोहन सिंह नरुका, डिप्टी सेक्रेटरी यू आई टी थे । इसके बाद दीप प्र%वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई । मुख्य अतिथियो का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । ब्रांच चेयरमैन ने अपने अभिभाषण में सभी आगंतुकों को का स्वागत किया, सीए इंस्टीट्यूट के बारे में जानकारी प्रदान की तथा सीए सप्ताह के कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया । मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने अपने उद्बोधण में सभी सीए सदस्यों व सीए विद्यार्थीयो को सीए डे पर बधाई दी तथा अपने प्रोफेशन को कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदारी से करने की सलाह दी । सीए प्रोफेशन में 25 वर्ष पूर्ण कर चुके सदस्य सीए गुलशन मदानए सीए पंकज खण्डेलवालए सीए नवल किशोर खण्डेलवाल को प्रतीक चिन्ह शाल देकर सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में सीए केण् सीण् मेहता ए सीए महेश जैन ने सीए डे के उपलक्ष में अपने विचार रखें । इस अवसर पर सीए छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए । मंच का संचालन तानिया ग्रोवर एअंशिका खण्डेलवालए वंशिका खण्डेलवाल व इशिका अग्रवालए ने किया । कार्यक्रम के अंत में सचिव सीए हितेश सेतिया ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद दिया । इस कार्यक्रम मे वाइस.चेयरमैन सीए विशाल वाधवाए सचिव सीए हितेश सेतियाए कोषाध्यक्ष सीए सचिन गुप्ता, सीए सिकासा चेयरमैन,सीए आकाश खंडेलवाल एवं कार्यकारिणी सदस्य सीए अंशुल मोदी सहित सहित लगभग 100 सीए सदस्य व सीए विद्यार्थी उपस्थित हुए । इसी कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती, अलवर द्वारा उद्योग मित्र सम्मान -2025 का अलवर के सभी सीए सदस्यों का सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुखराज मीना संयुक्त आयुक्त, एसजीएसटी अलवर थे तथा लघु उद्योग भारती के राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, लघु उद्योग भारती अलवर अध्यक्ष शशांक झालानी, सचिव पंकज तिवारी , अध्यक्ष महिला इकाई शिवानी यादव, संयोजक सीए अभिमन्यु गर्ग संयोजक दिव्या गुप्ता सहित लघु उद्योग भारती के सभी पदाधिकारी उपस्थित हुये । आईसीएआई बॉक्स क्रिकेट लीग-2025 का आयोजन डीपीएस स्कूल में 29 जून 2025 को हुआ जिसमे 04 टीम सीए वारियर्स, सीए लायंस, सीए ग्लैडिएटर्स, सीए टाइटन्स के बीच फ्रेंडली मैच खेला गया जिसमे सीए लायंस टीम विजेता रही जिसके कप्तान सीए गौतम गोयल रहे । फाइनल मैच में मैनऑफ दा मैच सीए नितिन गुप्ता रहे ।

## टोलटैक्स के पास हुई गोलिबारी का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

### बानसूर थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही!लगातार बानसूर पुलिस दिखा रही अपनी उपस्थिति



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र में बढ़ती गोलिबारी की घटनाओं को लेकर आमजन जहाँ भयभीत है वहीं बानसूर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी करने में लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही है। बानसूर वृत्त क्षेत्र की पुलिस को जहाँ अनेकों बार गोलिबारी का सामना करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है यह उसके कुशल नेतृत्व और उसकी कार्यशैली को दर्शाता है। बानसूर पुलिस ने हिस्ट्रीसीटर घनश्याम उर्फ़ घन्या पर हुई गोलिबारी के दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था वहीं आज तीसरे आरोपी हिमांशु रावत पुत्र जगदीश रावत निवासी मोजी की ढाणी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जवाब थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह मलिक ने दिया।मलिक ने बताया कि आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा और अनुसन्धान किया जाएगा। इसके खिलाफ इससे पूर्व कोई मामला दर्ज नहीं है।वहीं गहन पूछताछ के लिए न्यायालय की अनुमति से रिमांड पर लिया गया है।

## मुख्यमंत्री की पहल गाँवों में मिले बेहतर चिकित्सा सुविधा:शेखावत

### बानसूर उपजिला अस्पताल में डायलीसिस मशीन का हुआ उदघाटन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित उपजिला अस्पताल में डायलीसिस मशीन का उदघाटन मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कोटपूतली बहरोड़ जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रहे।वहीं विनीत कर्ता उपजिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार यादव रहे।इस मौके पर बोलते हुए विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गाँवों में बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले इसको लेकर वे गंभीर हैं। उन्होंने कुछ माह पूर्व कोटपूतली जिला अस्पताल में डायलीसिस यूनिट का शुभारम्भ करवाया था आज आपके यहाँ इस मशीन का शुभारम्भ हो गया। शेखावत ने कहा कि इस मशीन के शुभारम्भ होने से अधिक से अधिक जीवन को बचा पाने में स्थानीय चिकित्सक अपना योगदान दे सकेंगे। मौत से दूरियां घटेंगी और जीवन से नजदीकियां बढ़ेंगी। इस कार्य के शुभारम्भ करने वाले तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हक़दार हैं!इस मौके पर विधायक देवीसिंह शेखावत व उनके साथ आए अतिथियों का माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया वहीं डायलीसिस मशीन का शुभारम्भ भी किया गयाँइस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत बोहरा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित, भाजपा नेत्री हेमलता सिसोदिया,नगर पालिका बानसूर के विधि सलाहकार एवं जिला प्रवक्ता एडवोकेट नरेन्द्र चौधरी, योगेश सोनी, डॉ अनील यादव, मनोज यादव, बस्तीराम यादव,जिला पार्षद पूर्ण चंदेला, पूर्व नीमूचाना मण्डल अध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा सहित काफ़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपाईयों सहित उपजिला अस्पताल के चिकित्सक और स्टॉफ के लोग मौजूद रहे।

## सुनील उर्फ़ टुल्ली पर गोलिबारी करने वाले चार आरोपियों को भेजा जेल

### सोमवार को निकाला था नगर पालिका क्षेत्र में आरोपियों का जुलुस

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र में बढ़ते अपराध को देखते हुए बानसूर वृत्त पुलिस अलर्टमोड पर नजर आ रही है। पुलिस को मिली सूचना पर पहुंचकर त्वरितगति से मौके पर पहुँचने का प्रयास कर रही है। संसाधनों के अभाव में भी निजी वाहनों से पुलिस को कार्यवाही के लिए पहुंचना अनिवार्य घोषित किया गया है यह हम नहीं कहते पर विधानसभा क्षेत्र में चर्चा है!सुनील उर्फ़ टुल्ली गोलिबारी हत्याकाण्ड से पूर्व तोलटेक्स और नीमूचाना गोलिबारी को लेकर बानसूर वृत्त पुलिस काफ़ी गंभीर है। सुनील उर्फ़ टुल्ली पर हुए गोलिकांड को लेकर जहाँ आरोपियों को नगर पालिका क्षेत्र में जुलुस निकाला गया वहीं न्यायालय आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया। बानसूर वृत्त पुलिस अपराधियों में डर और आमजन में विश्वास पर कार्य कर रही है।

## पर्यावरण को स्वच्छ एवं बेहतर बनाने हेतु पौधारोपण कर मनाया डॉक्टर्स डे -आरुषी मित्तल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** मित्तल हॉस्पिटल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चिकित्सक दिवसआज 01 जुलाई 2025 को हॉस्पिटल परिसर में ही 5 पेड़ो के पौधारोपण से प्रारंभ किया गया जिसमे बडी संख्या में चिकित्सकएमरीजो के परिजनोंएवं नर्सिंग सदस्यों ने बढचढ कर भाग लिया। कार्यक्रम में आर डी एन सी मित्तल फाउंडेशन की आजीवन ट्रस्टी आरुषी मित्तल ने स्वयं भी पौधा लगाते हुए पर्यावरण को बेहतर बनाने एवं हर व्यक्ति का स्वयं का पर्यावरण स्व%छता के प्रति नैतिक दायित्व बताते हुए सभी को पेड लगानेए उनकी सुरक्षा करने एवं स्व%छता बनाये रखने पर हेतु जागरूक किया वही सभी चिकित्सको को बधाई दी। मित्तल हॉस्पिटल की मैनेजिंग डायरेक्टर अल्का मित्तल ने डॉ.एससी.मित्तल सहित सभी चिकित्सको को पुष्प गु%छ देकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाये प्रेषित करी वही पौधारोपण कार्यक्रम में सभी चिकित्सको एवं नर्सिंग कर्मचारियों तथा मरीजो के परिजनों को कम से कम एक पेड लगाकर उसके बडे होने तक पेड की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने का आहवान किया । पडो की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाये कुल 5 पेड लगाये गए। कार्यक्रम में डॉ.एससी मित्तल, अल्का मित्तल, आरुषी मित्तल, गिरीश गुप्ता, डॉ.महेश जैन, डॉ. सुधीर गुप्ता, डॉ. कुमुद गुप्ता, डॉ अभिषेक खंडेलवाल, डॉ रोताश कुमार, डॉ. मयंक यादव, लता सी बोस, ओमना बीनू, पूजा शर्मा, गरिमा खट्टर, रवि शर्मा , सुनील शर्मा, मुकेश, पूरन गार्ड इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



## श्री णमोकार उपासना उपाध्याय श्री विज्ञानंद जी मुनिराज ससघ का भव्य मंगल प्रवेश कल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राजस्थान के सिंहद्वारा अलवर की धर्म नगरी में परम पू%य अभिक्षण ज्ञान उपयोगी आचार्य श्री 108 वसुनदी जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य श्री णमोकार उपासना उपाध्याय श्री विज्ञानंद जी मुनिराज ससघ का भव्य मंगल प्रवेश दिनांक 3 जुलाई वार गुरुवार को श्री 1008चंद्र प्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर मुंशी बाजार में होने जा रहा है। जिसमें भव्य जुलूस श्री अतिशयकारी1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मनी का बड से कल प्रात: 7:30 बजे पंसारी बाजार घंटाघर हॉपसर्कस त्रिपोलिया होते हुए श्री 1008 चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर मुंशी बाजार पहुंचेगी उसके पश्चात उपाध्याय श्री के मंगल प्रवचनों का लाभ' मिलेगा अभिषेक जैन खेड़ली द्वारा स्वर संगीतों के साथ जुलूस में मुख्य आकर्षण भजन मंडली जैन युवा फैडरेशन द्वारा बैंड बाजे सहित स्वर लहरियों के साथ भजनों की गंगा बहेगी। आयोजक श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर श्री णमोकार उपासना वर्षा योग समिति मुंशी बाजार अलवर ने लोगों से आव्हान किया है कि वे बड़ी से बड़ी संख्या में पहुँच धर्म लाभ लें।

## एच एस स्कूल टपूकड़ा के राज्य स्तरीय मेरिट में आए बच्चों के सम्मान में निकाली विजय यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी( नि.स. )।** भिवाड़ी के समीप एच एस स्कूल टपूकड़ा के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में राज्य स्तरीय मेरिट देने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में विजय यात्रा निकाली गई। विजय यात्रा को विद्यालय संरक्षक संतोष रानी गोरा ने हरी झंडी दिखाकर विजय यात्रा को रवाना किया। यात्रा विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य मार्गो टपूकड़ा पुलिस थाना, टपूकड़ा मैन बाजार, टपूकड़ा पुराना बस स्टैंड,नूहुं स्टैंड, आदि से ढोल बाजे डीजे के साथ होते हुए विद्यालय प्रांगण में पहुंचकर समापन हुआ। शहर के मुख्य बाजार में जगह-जगह होनहार विद्यार्थियों का व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और अभिभावक सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भगवान जगन्नाथ माता जानकी सहित बंधे परिणय सूत्र में, हजारों श्रद्धालु बने साक्षी

बढ़ता राजस्थान






**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** जन-जन की आस्था के आराध्य देव भगवान जगन्नाथ के मेले में आयोजित जगन्नाथ-जानकी वरमाला महोत्सव को देखने के लिए मंगलवार देर शाम मेला स्थल पर भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ एवं जानकी के परिणय सूत्र बंधन के साक्षी बने। श्री जगन्नाथ मंदिर के महंत पूर्णदास व एडवोकेट मदनमोहन शास्त्री ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भगवान जगन्नाथ व माता जानकी परिणय सूत्र में बंधे। इस दौरान भगवान जगन्नाथ जी महाराज को वृंदावन से बनी नवीन पोशाक धारण करवाई गई। भगवान जगन्नाथ व माता जानकी को 11 फीट की वरमाला पहनाई गई। इस दौरान भक्तों ने जय जगन्नाथ व जय जगदीश हरे से सारा वातावरण भक्तिमय बन गया। श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दरबार में मत्था टेक कर मनौती मांगी। इधर गंगा बाग परिसर में वधू पक्ष के महंत प्रकाश दास महाराज की ओर से वरमाला महोत्सव पर आए बारातियों को स्नेह भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मेला परिसर गंगा बाग में श्रद्धालुओं को मेले में लगी अस्थाई दुकानों पर खरीदारी करते देखा गया। मेले में समाजसेवी लोगों की ओर से जगह-जगह प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं अनेक जगह शीतल पदार्थ, ठंडाई आदि का वितरण किया गया। मेले में मौसम सुहावना होने के कारण बड़ी संख्या में महिला-पुरूष व बच्चों ने मेले मे जमकर खरीददारी की। इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र तिवारी, सचिव हरिओम गुप्ता, पण्डित रोहित शर्मा, गायत्री शर्मा, मुकुल बड़ाया, डॉ खेमसिंह आर्य, प्रदीप महावर सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## यूरोलॉजी में बोटॉक्स का सफल उपयोग- तीव्र तंत्रिका दर्द से राहत का नया विकल्प-डॉ.तैयब खान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** न्यूरोलॉजी की दुनिया में बोटुलिनम टॉक्सिन (बोटॉक्स) अब सिर्फ सौंदर्य चिकित्सा तक सीमित नहीं रहाए बल्कि यह कई जटिल और दर्दनाक न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के इलाज में क्रांतिकारी भूमिका निभा रहा है। अलवर स्थित सानिया हॉस्पिटल में हाल ही में एक ऐसे ही मामले में बोटॉक्स का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया। डॉ. पुरूषोत्तम पोस्वाल ने मेडिकली रिफ्रैक्टरी ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया से पीडित मरीज का उपचार कियाए जो इतने तीव्र चेहरे के दर्द से ग्रसित था कि न तो खाना खा सकता था और न ही मुँह खोल सकता था। जब सभी दवाएं विफल हो गईंए तब बोटॉक्स इंजेक्शन द्वारा इलाज किया गया। कुछ ही दिनों में मरीज को उगेखनीय राहत मिली और अब वह सामान्य रूप से जीवन व्यतीत कर रहा है। डॉ. पोस्वाल ने बताया कि न्यूरोलॉजी में बोटॉक्स का उपयोग निम्न बीमारियों में प्रभावी सिद्ध हो रहा है। क्रोनिक माइग्रेन - बार-बार होने वाला सिरदर्द, ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया - चेहरे की नसों में झटकेदार तीव्र दर्द, हर्पेटिक न्यूराल्जिया- शिंगल्स के बाद होने वाला तेज जलनभरा दर्द, राइटरष्स डिस्टोनिया दृ हाथ में लिखने के समय ऐंठन या कंपन, स्पास्टिसिटी - लकवे या मस्तिष्क विकारों के बाद मांसपेशियों में खिंचाव, ब्लेफेरोस्पाज्म - पलकों का अनैच्छिक रूप से बार-बार झपकना, हेमिफेशियल स्पाज्म - चेहरे के एक हिस्से की मांसपेशियों का अकड़ना, सियालोरिया पार्किंसंस रोग में - मुंह से अत्यधिक लार टपकना, बोटॉक्स उपचार एक सुरक्षित, असरदार और आउटडोर प्रक्रिया है जो प्रशिक्षित और अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा की जाती है। इसका प्रभाव सामान्यत: 3 से 6 महीने तक रहता है, और यह मरीज की गुणवत्ता.जीवन को उगेखनीय रूप से सुधार सकता है। डॉ. पोस्वाल ने कहा,बोटॉक्स अब न्यूरोलॉजिकल रोगों में एक प्रभावशाली विकल्प बनकर सामने आ रहा है, जो कई बार दवाओं से भी बेहतर और शीघ्र राहत देता है। सही मरीज का चयन और अनुभवपूर्वक इसका उपयोग अत्यंत लाभकारी हो सकता है। इधर सानिया हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.तैयब खान ने बताया कि सानिया हॉस्पिटल अपनी सेवाओं को ओर विस्तार करते हुए नए क्रानिक रोगों से ग्रसित मरीजों के उपचार के लिए पूर्णत्या कटिबद्ध है।

### .भगवान जगन्नाथ महोत्सव ...

# जगन्नाथ महोत्स्व अलवर धर्म नगरी का एक बड़ा त्यौहार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** कई दिनों तक चलने वाले भगवान जगन्नाथ महोत्सव में शहर सहित जिले भर में खासी चहल पहल बनी रहती है। हालांकि मोबाईल और इंटरनेंट की दुनिया ने सारे त्यौहारों और धार्मिक पर्वों को निगल लिया लेकिन जगत के नाथ के इस अनूठे धार्मिक अनुष्ठानों में लोग बढ़ चढ कर हिस्सा लेते हैं। लोग मन से यहां सेवा पूजा और अनन्य भक्ति का परिचय देते हैं। टीम बढ़ता राजस्थान ने कुछ चुनिंदा लोगों का परिचय देने का प्रयास किया है जो अपना पूरा समय ठाकुरजी के लिए लगाते हैं सिर्फ इस भावना से कि उन्हें कुछ नहीं चाहिए उन्हें तो ये आनन्द चाहिए जो भगवान श्री कृष्ण ने अपने जीवन दर्शन से ब्रज के लोगों को भक्ति स्वरूप भेंट किए।



### जगत के पिता को दुल्हा रूप में देखने का सौभागय है तपोभूमि निवासियों के पास



ये तस्वीर पूरण शर्मा जी की है जो कि सरकारी सेवाओं से सेवानिवृत हुए हैं। ये भी बहुत बेहतरीन सेवादार के रूप में ठाकुरजी की सेवा में तगीनता से लगे रहते हैं। ईश्वर ने इन्हें अपने काज के लिए चुना है बस ये इसमें ही खुश हैं। पूरण जी बताते हैं कि पौराणिक धार्मिक परम्पराओं का बना रहना बेहद जरूरी है वरना आने वाले हमारी पिढियां सिर्फ इन महोत्सवों को किताबों में ही पढ़कर इतिश्री कर लेंगी ऐसे में धर्म का ह्रास भी होगा और युवाओं में आध्यात्मिक निष्ठा का भाव भी कम होगा। इसलिए सच में उगास और आनन्द का प्रतीक है ये भगवान जगन्नाथ महोत्सव।

### भगवान स्वयं ही बुला लेते हैं- चेलानी दम्पत्ति

-ये तस्वीर डॉ.संजय चेलानी और उनकी धर्मपत्नी दीक्षा चेलानी की है। डॉ.संजय पेशे से एक हौम्योपैथी फिजिशियन हैं कॉलेज जाते हैं और घर पर मरीजों को देखते हैं उसके बाद ठाकुरजी के नियमित सेवापूजा के लिए समय निकाल ही लेते हैं। हर गुरूवार जगत के पिता की सेवा में लगी ये दम्पत्ति उस महाशक्ति से कुछ नहीं मांगती बस यही मांगती है कि जगत पर आपकी नजरें आनन्दमय हों और धर्म का विस्तार हो। सेवा पूजा में लगे ये पति पत्नी समाज को एक संदेश भी देते हैं कि खाली समय हो तो ईश्वर की सेवा में लगाओं नहीं तो समय दूसरे की बुराई और निंदा में ही कट जाएगा। इधर जब सेवा करते हैं तो मन की खुशी को हम ही महसूस कर सकते हैं। यदि कोई पूछे कि खुशी व प्रसन्नता कितनी होती है तो ये कहते हैं मेलॉडी खाओ खुद जान जाओ..।



### अद्भुत आनन्द है ठाकुरजी की सेवा में- मेठी दम्पत्ति

ये आतिश मेठी और ये उनकी पत्नी सारिका मेठी हैं। पूरी तन्मयता के साथ भगवान की सेवा में लगने वाली ये दम्पत्ति धर्म और आध्यात्म को बढ़ावा देने का संदेश समाज को दे रही हैं। पेशे से आतिश मेठी मोटर पार्ट्स का बिजनेस करते हैं। भगवान जगन्नाथ महोत्सव शुरू होनें से समापन तक पूरी निष्ठा और आस्था के साथ दोनों ऐसे लगे रहते हैं मानों घर में बिटिया की शादी हो रही हो। हर क्षण को आनन्द के साथ जीते हैं उसमें रमते हैं ये भी मानते हैं कि ईश्वर की अनन्य कृपा है जो ठाकुर जगत का पिता है उसके इस महोत्सव के हम साक्षी बनकर उनका आर्शिवाद लेते हैं।



### उल्लास और आनन्द का प्रतीक है ये भगवान जगन्नाथ महोत्सव

ये तस्वीर शंकर लाल सैनी की है। सालों से भगवान के इस महोत्सव में मुख्य किरदार निभाने वाले शंकर लाल सैनी लगातार कई वर्षो से ठाकुरजी की सेवा में लगे हुए हैं। शंकर सैनी बताते हैं कि भगवान जगन्नाथ महोत्सव एक सामजिक उत्सव भी है और एक धार्मिक उत्सव भी है समय की भाग दौड और दिखावटी दुनियां से ना केवल सामाजिक बल्कि धार्मिक अनुष्ठानों में भी खासा परिवर्तन आया है लेकिन ये जगत के नाथ की कृपा है कि पिछले एक दशक से यहां भक्ता और श्रृद्धालुओं का उत्साह व उगास बढ़ा ही है। इतनी जबरदस्त भीड़ के बाद भी व्यवस्थाए चॉक चौबंध रखना ये सब ईश्वर की कृपा का प्रसाद ही तो है।



## शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों के निरीक्षण पर निकले जिला कलक्टर

# मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए रखें पर्याप्त तैयारियां, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया मंगलवार को शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों के निरीक्षण पर निकले। श्री समारिया पहले शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, महावीर नगर का निरीक्षण करने पहुंचे। पहुंचते ही उन्होंने स्टाफ की उपस्थिति के बारे में पूछा। श्री समारिया ने ओपीडी में प्रतिदिन आने वाले मरीजों की जानकारी ली। मौके पर मौजूद डॉ. आशीष खंडेलवाल ने बताया कि प्रतिदिन औसत 400 मरीजों की ओपीडी रहती है। डे-केयर सेंटर देखकर जिला कलक्टर ने पूछा कि कितने मरीज एक दिन में आते हैं? चिकित्सकों ने बताया कि करीब 5-6 मरीज आ जाते हैं जिनमें कुछ डायरिया पेशेंट होते हैं जिन्हें ड्रिप और अन्य जरूरी इंजेक्शन लगाए जाते हैं और आराम होने पर घर भेजा जाता है। डे-केयर सेंटर पर बेडशीट के कलर कोडिंग सिस्टम एवं हर सप्ताह अलग कलर की बेडशीट बिछाने की जानकारी मिलने पर कलक्टर ने इसे अच्छी पहल बताया। जिला कलक्टर टीकाकरण कक्ष गए और वहां ड्यूटी पर मौजूद एएनएम प्रतिभा ने बताया कि प्रत्येक गुरुवार को 70 से अधिक बच्चों का वैक्सीनेशन होता है। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच एवं टीकाकरण भी किया जाता है। उन्होंने टीकाकरण कक्ष का रजिस्टर भी चेक किया। समारिया ने दवा वितरण केन्द्र पर दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता की जानकारी ली। प्रभारी चिकित्सक ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से संबद्ध शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र होने के कारण पहले काफी दवाएं आती थी लेकिन अब पीएचसी की आवश्यकता के अनुसार दवाएं भेजी जा रही हैं, जबकि मेडिकल कॉलेज से भी मरीज यहां दिखाने आते हैं। ऐसे में, पहले की तरह पर्याप्त उपलब्धता नहीं हैं। जिला कलक्टर ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तलवंडी का भी निरीक्षण किया। वहां उन्होंने ओपीडी की संख्या पूछी। प्रभारी डॉ. दीपेश तिवारी ने बताया कि प्रतिदिन 200 मरीज आते हैं और 7-8 मरीज डे केयर में आ जाते हैं।

### मरीजों से करें अच्छा व्यवहार

जिला कलक्टर ने दोनों शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मौजूद स्टाफ को समय पर आने एवं मरीजों से अच्छा व्यवहार करने को कहा। उन्होंने डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ को प्रॉपर एप्रन एवं नाम का बैज लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा एक्टिविटी एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। साथ ही, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यूपीएचसी, महावीर नगर के दौरे के समय पर एडिशनल प्रिंसीपल, मेडिकल कॉलेज कोटा डॉ. बी एस शेखावत, आरसीएचओ रमेश खगरवाल भी उपस्थित थे।

### डेंगू जागरूकता काउंटर देखा

समारिया ने वहां मौसमी बीमारियों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए बनाई गई कैनोपी देखी। कैनोपी में गमले, पुराने टायर, ढक्कन, डिस्पोजल कप आदि प्रदर्शित कर आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया गया कि किन जगहों पर एकत्र पानी में डेंगू के मच्छर पनप सकते हैं। मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक करने के लिए बनाई गए इस काउंटर के माध्यम, एकत्र पानी को खाली कर एंटी लार्वा एक्टिविटी की आवश्यकता का संदेश दिया गया था। जिला कलक्टर ने इस पहल की सराहना की।

# देश की इकोनॉमी में चार्टर्ड अकाउंटेंट का अहम रोल : कल्पना देवी

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (दामोदर सिंह)।** कोटा सीए ब्रांच की ओर से मंगलवार को नई धान मंडी स्थित कोटा सीए भवन में 77वां सीए डे ध्वजारोहण के साथ रक्तदान व हेल्थ चेकअप शिविर के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लाडपुरा विधायक कल्पना देवी थी। इस दौरान सीए सदस्यों एवं सीए स्टूडेंट्स द्वारा रक्तदान कर शहरवासियों को इसके लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर लाडपुरा विधायक कल्पना देवी व कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए दीपक सिंघल ने ध्वजारोहण कर सभी उपस्थित सीए सदस्यों व सीए स्टूडेंट्स को 77वें सीए डे की शुभकामनायें दी। लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने सीए सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की इकोनॉमी को बढ़ावा देने में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का महत्वपूर्ण रोल है। कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए दीपक सिंघल ने बताया कि सीए डे के अवसर पर मंगलवार को कोटा सीए भवन में कोटा ब्लड बैंक सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सीए वीक-2025 के कार्यक्रम समन्वयक सीए धर्मचंद मित्तल, सीए शशांक गर्ग, सीए प्रकाश चौधरी व सीए रोहित पाटौदी ने बताया कि रक्तदान शिविर में सीए सदस्यों के सीए स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा शिविर में करीब 77 से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ। इस मौके पर कोटा सीए ब्रांच की सचिव सीए ख्याति भंडारी ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर सीए वीक कार्यक्रम समन्वयक सीए धर्मचंद मित्तल, सीए शशांक गर्ग, सीए प्रकाश चौधरी व सीए रोहित पाटौदी के साथ सीए आशीष व्यास, सीए विष्णु गर्ग, सीए सौरभ जैन, सीए नीतू खंडेलवाल, सीए सिद्धार्थ मित्तल व सीए दिनेश जैन समेत 200 से ज्यादा सीए व सीए स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

# ईदगाह चौराहा से मड्डा चौराहा जाने वाला रोड पर घटिया निर्माण से पुरानी पर नई के बहाने की लीपापोती, राहगीर परेशान उच्च स्तरीय जांच की मांग

बढ़ता राजस्थान






**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** नगर परिषद निम्बाहेड़ा क्षेत्र मे सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा ईदगाह चौराहा से मड्डा चौराहा जाने वाली सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा कई अनियमितताएं बरती गई जिससे रीको इंडस्ट्रीज एरिया में जाने वाले लोगों मे भारी आक्रोश है, राहगीरों ने बताया कि इस घटिया निर्माण की उच्च स्तरीय जांच और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, अन्यथा भविष्य में जानलेवा हादसों की आशंका जताई है। यह निर्माण कार्य पिछली कांग्रेस सरकार में करवाया गया था जो सार्वजनिक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है जिसमें पुलिया और कलवार्ट वाल को नगर परिषद के ठेकेदार बबलू कंस्ट्रक्शन में बनाई थी जिसका भुगतान नगर परिषद निम्बाहेड़ा ने किया था जबकि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सड़क का निर्माण उमेश कंस्ट्रक्शन प्रतापगढ़ द्वारा किया गया था। राहगीरो का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा पुरानी डामर सड़क को बिना हटाई उसे पर नई सड़क बना दी गई थी जो जगह-जगह से टूट चुकी हो डामर एक तरफ इकट्ठा होकर डामर की लौंडिया बन गई है जिससे कई बार रात को अंधेरे में मोटरसाइकिल टकराकर चोटिल हो चुके हैं और सड़क भी पूरी तरह से बिखर चुकी है । ठेकेदार द्वारा प्रदर्श बोर्ड पर ईदगाह चौराहा से कहां तक बनेगा यह बताना भी भूल गया और विभाग के अधिकारियों ने भी आंखें बंद करके बिल पास कर दिया, मुख्यमंत्री बजट योजना के अंतर्गत सड़क सुदृणीकरण एवं चौड़ीकरण करने का कार्य था जिसकी लम्बाई एक किलोमीटर और लागत एक करोड़ थी, कार्य पूर्ण किया 01.04.2023 किया गया जिसकी गारंटी अवधि 5 साल है उसके बावजूद भी ठेकेदार द्वारा सड़क रिपेयर नहीं की जा रही है इससे सड़क की नींव कमजोर हो गई और इसकी गुणवत्ता पर भी कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं । सड़क निर्माण में बीएमडब्ल्यू पीसीसी अर्थात संभवत पीक्यू सी पेमेंट क्वालिटी कंक्रीट या विटामिन मिक्सर वर्क सहित कई महत्वपूर्ण सुरक्षा और मजबूत से जुड़े कार्य में भारी अनियमिताएं बरती गई ,इन सुरक्षा मानकों की अनदेखी से सड़क की उम्र तो कम हो ही गई साथ ही साथ वाहनों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकती है और उचित गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की गई तो यह सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है और लोगों का जीवन को सीधे खतरे में डाल सकती है। राहगीरों ने बताया कि दोषी ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की अपील की है ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही को रोका जा सके । देखना यह होगा कि आने वाले समय में प्रशासन द्वारा क्या कार्यवही ठेकेदार के खिलाफ की जाती है और आमजन को किस तरह लाभ मिल पाता है?

### इनका कहना है

ठेकेदार को दो बार नोटिस दे दिए गए हैं अगर फिर भी सही नहीं करवाता है तो सार्वजनिक विभाग खुद सही करवाएगा।

**निशा पूर्बीया, सहायक अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, निंबाहेड़ा चित्तौड़गढ़**

# जहां वर्षा योग होता है, वहां उत्सव जैसा माहौल होता है-प्रज्ञान सागर



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** अग्रवाल दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा में जैन मुनि प्रज्ञान सागर महाराज ने अपने प्रवचनो के दौरान बताया कि जहां वर्षा योग होता है,वाह चार माह तक उत्सव जैसा माहौल बना रहता है। मनुष्य को सदैव ही अच्छी व ऊंची सोच रखना चाहिए,नीची सोच रखने से मन की भावना भी नीची होती है। जब जब भी नगर में साधु का मंगल प्रवेश होता है पूरे नगर में सभी धर्मात्मा लोग उनका स्वागत सम्मान सत्कार गांव के बाहर आकर करते हैं ।पूरा समाज गाजे-बाजे से अगवानी करता है। महिलाएं जगह-जगह रंगोली बनाती है। और जय जयकारों से मुनि भक्त जिनालय में प्रवेश कराते हैं। ऐसा हमें नैनवा नगर में देखने को मिला है। साधु का आना एक उत्सव से कम नहीं है। प्रतिदिन साधु धर्म के मार्ग पर अलग-अलग उदाहरण देते हुए भक्तों को समझते हैं मुनि ने यह भी बताया अपने मन की बुराइयों बुरे विचारों को त्यागने पर ही अच्छे विचार उत्पन्न होंगे। जिस प्रकार कपड़ा गंदा होने पर उसने सर्प साबुन से साफ किया जाता है। तभी हमें उसे पहनने लायक होता है। हमारा मन साफ रखने के लिए ईश्वर के जिनालय में उनके दर्शन करने से आत्मा पवित्रता बनी रहती है। नेमिनाथ तीर्थ क्षेत्र पर निर्वाण लड्डू आज चढ़ाया जावेगा- 2 जुलाई को बजे जैन मुनि प्रज्ञान सागर प्रसिद्ध सागर महाराज गाजे-बाजे से अग्रवाल दिगंबर जैन बड़े मंदिर से सदर बाजार होते हुए जयपुर रोड नेमिनाथ क्षेत्र पर पहुंचेंगे। वहां पर नेमिनाथ भगवान का निर्माण लड्डू चढ़ाया जाएगा वहीं पर मंगल प्रवचन होंगे और मुनि की आहार चर्या वहीं होगी। संसार का प्राणी संसार में रम गया-जैन मुनि प्रसिद्ध सागर महाराज ने' बताया कि आज संसार का मनुष्य इस संसार में इतना रम गया उसे अपने परिवार अपने बच्चे अपनी पत्नी अपनी बेटियां के सिवा कुछ भी नजर नहीं आता। 24 घंटे में मात्र व परिवार के लिए जी रहा है। सुबह से शाम तक भाग दौड़ में लगा हुआ है। मात्र आधा घंटा भी अपनी आत्मा के लिए ईश्वर का स्मरण करने का उसे समय नहीं है। जब उसे कष्ट आता है तो प्रभु के चरणों में जाकर गिड़गिड़ाने लगता है कि भगवान मेंरी रक्षा करो।

# नैनवां में अभिभाषक परिषद ने किया एसडीएम के खिलाफ प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** उपखंड अधिकारी नैनवां द्वारा अधिवक्ताओं के साथ की गई अभद्रता को लेकर अभिभाषक परिषद में रोष व्याप्त है। उपखंड अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही एंव हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को अभिभाषक परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। अभिभाषक परिषद अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि अभिभाषक परिषद की बैठक में उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा को हटाने को लेकर सर्व सम्मति से संघर्ष तेज करने, धरना प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई गई। इस दौरान मंगलवार को अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में उपखण्ड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान एडवोकेट देवेंद्र जैन, गोपीलाल सैनी, महेंद्र सेन, जयसिंह आशावत, सत्यनारायण लवानिया, सीताराम नागर, शांतिलाल, महावीर नागर, ओमप्रकाश गुर्जर, लक्ष्मण शर्मा सहित सभी अभिभाषक मौजूद रहे। अभिभाषक परिषद अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि उपखंड अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर बुधवार से उपखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# कोटा के प्लेटफार्म न 3 पर एक अज्ञात व्यक्ति की मिली लाश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** दिनाक 01.07.2025 कोटा स्टेशन अधीक्षक रेल्वे जंक्शन कोटा की सूचना के मुताबिक घटनास्थल प्लेट फार्म संख्या 3 दक्षिणी छोर टीनशेड के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 50 साल,हिन्दु सिर पर सफेद बाल व सफेद ढाढी, टी-शर्ट व जीन्स पेन्ट पहने हुये अचेत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। जिसे कोटा के एमबीएस अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया जिसकी लाश एमबीएस के मोर्चरी में रखवाई गई है। मृतक का शव एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। इस संबंध में जीआरपी थाना कोटा द्वारा मर्ग क्रमांक 40/2025 धारा 194 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है, और जीआरपी द्वारा परिजनों की तलाश एवं शिनाख्तगी के प्रयास जारी हैं।

# मनीषा शर्मा को बनाया राष्ट्रीय सचिव

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** अखिल भारतवर्षीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी एंव महिला महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती माया राजेश त्रिवेदी ने बूंदी से श्रीमती मनीषा शर्मा पत्नी लोकेश शर्मा (पूर्व सरपंच) को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया। यह जानकारी महिला महासभा की महामंत्री श्रीमती भारती तिवारी ने दी। श्रीमती मनीषा शर्मा के राष्ट्रीय सचिव मनोनीत होने पर बूंदी जिले की गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की महिलाओं में हर्ष की लहर दौड़ गई।

# रेडक्रॉस सोसायटी चेयरमैन राजेश बिरला ने किया जेएचडब्ल्यू ओपीडी कार्ड का शुभारंभ




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (दामोदर सिंह)।** चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए भारत की अग्रणी हेल्थ एंड वेलनेस संस्था जस्ट हेल्थ एंड वेलनेस (जेएचडब्ल्यू) ने कोटा सम्भाग के लिए अपने ओपीडी कार्ड का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम बूंदी रोड स्थित हरियाली रिसोर्ट में आयोजित हुआ, जिसमें कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ एवं सवाई माधोपुर के लिए एक साथ इस सेवा की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान के चौयरमेन राजेश कृष्ण बिरला तथा विशिष्ट अतिथि रेड क्रॉस सोसायटी राजस्थान के महामंत्री जगदीश जिन्दल, नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. बलविंदर सिंह वालिया एवं केयर हेल्थ इंश्योरेंस के क्षेत्रीय विपणन प्रमुख राहुल पचौरी उपस्थित रहे। संस्थापक हिम्मत सिंह, आर.के. व्यास एवं भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जेएचडब्ल्यू ओपीडी कार्ड के माध्यम से कोटा सम्भाग के नागरिकों को डिजिटल स्वास्थ्य परामर्श, विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं, जांच, दवाएं एवं अनेक सुविधाएं एक ही कार्ड के तहत मिलेंगी। कार्ड एक परिवार के पाँच सदस्यों के लिए वैध होगा और इसमें वीडियो कॉल, वॉइस कॉल एवं चेट के माध्यम से अनलिमिटेड डॉक्टर परामर्श निशुल्क उपलब्ध रहेगा। इस सेवा के अंतर्गत विशेष छूट के साथ प्रमुख अस्पतालों, अनुभवी चिकित्सकों, प्रतिष्ठित लैब्स और दवाओं की सुविधा भी कार्ड धारकों को प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही, आवश्यकता होने पर घर से ही लैब सैंपल कलेक्शन की सुविधा भी दी जाएगी। कोटा में इस सेवा के संचालन की जिम्मेदारी आर.के. एसोसिएट्स द्वारा संभाली जाएगी।

# पूर्व मंत्री आंजना के द्वारा लगाए गए आरोप मिथ्या, झूठे, निराधार एवं राजनीति से प्रेरित : विधायक कृपलानी

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** 30 जून को गायरी समाज द्वारा निम्बाहेड़ा उपखण्ड कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना द्वारा लगाए गए आरोपों को पूर्व यूडीएच मंत्री श्रीचंद कृपलानी ने मिथ्या, झूठा, निराधार व राजनीति से प्रेरित बताया। विधायक कृपलानी ने मंगलवार को बयान जारी कर प्रतिउत्तर में कहा कि पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना इस घटना पर राजनीति कर गायरी समाज को गुमराह करने में लगे हैं। कृपलानी ने कहा कि आंजना इस घटना को हत्या की धारा में दर्ज करवाने की मांग कर रहे हैं, जिससे लगता है कि उन्होंने पुलिस अधिकारियों से प्रकरण के संबंध में पूर्ण जानकारी नही ली है और मात्र फौरी राजनीति कर समाज एवं क्षेत्रवासियों को गुमराह कर रहे हैं। कृपलानी ने कहा कि पूर्व सहकारिता मंत्री आंजना जिन धाराओं में प्रकरण दर्ज करवाने की मांग कर रहे हैं, गायरी समाज की मांग पर पुलिस ने इस प्रकरण को 302 (हत्या), 365 (अपहरण), 342 (बंधक बनाकर रखना) तथा 146 (ज़बरदस्ती श्रम करवाना) आदि धाराओं में दर्ज कर जांच की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने गायरी समाज के वरिष्ठ जनों की मांग तथा बताए अनुसार उदयपुर पुलिस रेंज महानिरीक्षक से वार्ता कर जांच अधिकारी बलवाकर समाज द्वारा बताए गए अधिकारी को जांच सौंपी गई।

# जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन राजस्थान (जार) टोंक कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

## विषम परिस्थियों में भी देश के उत्थान एवं विकास के लिए काम कर रहे पत्रकार -विधायक गोपाल शर्मा

**मंत्री कन्हैया लाल चौधरी पहुँचे देरी से..**

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ( कमल मीणा )।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) इकाई टोंक का नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं स्नेह मिलन समारोह सोमवार को अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सिविल लाईन जयपुर विधायक गोपाल शर्मा, अध्यक्षता निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा सहित विशिष्ठ अतिथि के तौर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, प्रदेशाध्यक्ष जार संजय सैनी, मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राकेश शर्मा, प्रदेश महासचिव सुरेश पारीक, भंवर सिंह कुशवाहा, अशोक श्रीमाली एवं जसवंत आदि रहे। टोंक जार के जिला संरक्षक एस.एन. चावला ने बताया कि इस मौके पर पत्रकारिता के क्षेत्र से बरसों से जुड़े आ रहे गोपाल शर्मा विधायक मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता आज के समय किसी चुनौती से कम नही है, हमारे पत्रकार विषम परिस्थियों में भी भारत देश के उत्थान एवं विकास के लिए न केवल जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत करवाते है, बल्कि उन्हे उनका अधिकार भी दिलाने का काम करते है। उन्होने टोंक के पिछड़ेपन पर चिन्ता जताते हुये उम्मीद जताई कि आगे पत्रकार एवं जनप्रतिनिधि संयुक्त रूप से मिलकर काम करो तो निश्चित रूप से टोंक के विकास को गति मिल सकती है।

उन्होने जिला स्तर पर भी सभी पत्रकारों को रियायती दरों पर भूखण्ड दिये जाने की वकालत करते हुये इस हेतु हर सम्भव प्रयास करने का वादा किया। निवाई विधायक रामसहाय वर्मा ने जिले के पत्रकारों की सराहना करते हुये कहा कि यहा के पत्रकार सदैव स्वच्छ पत्रकारिता में भरोसा करते है। उन्होने कहा कि हालाकि अब पत्रकारिता का क्षेत्र चुनोतियों से भरा हुआ है, लेकिन चुनौती के बीच काम करने वाले ही असली मायने में पत्रकार है। उन्होने इस मोके पर अपनी और से टोंक जार कोष कें लिए 31 हजार रू. देने की घोषणा की। जार के प्रदेश अध्यक्ष संजय सैनी एंव राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राकेश शर्मा ने पत्रकारों के हित में जार का मकसद व गतिविधियों पर प्रकाश डाला। जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि विश्व के पहले पत्रकार नारद मुनि थे, जिनके दिखाये हुये रास्ते पर चलकर आज मिडिया शोषित व पीड़ित को न्याय दिलाने के साथ ही समाचारों को एक-दूसरों तक पहुचा रही है। इससे पूर्व जार के जिला संरक्षक एस.एन. चावला, संयोजक पुरूषोत्तम जोशी व जिलाध्यक्ष ब्रिजेश परिड़वाल द्वारा अतिथियों एंव प्रदेश भर से आये पत्रकारों का स्वागत करते हुये आभार जताया गया। समारोह के दौरान विधायक गोपाल शर्मा द्वारा नवीन कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करवाई गई।

इस मौके पर रामपाल राकेट, रामबाबू विजयवर्गीय, महासचिव रविन्द्र जोहरी, राकेश जैन, अशोक शर्मा, निर्भय राम मीना, मनोज टांक, प्रियदर्शन वैष्णव, नासिर खान, याकूब अली, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता, कमल मीना, विनोद सांखला, प्रिया गोतम, राजाराम गौतम, लोकेश लक्षकार, कमलेश सैनी, सुभाष सौदा, प्रवक्ता अनिल विजय, मोईन आफरीदी, फिरोज उस्मानी, राहुल राजवंशी, गौरव विजय, दीपक विजय, अरशद शाहीन, अब्दुल्ला खान, संदीप गुप्ता, त्रिलोक चन्द जैन, प्रहलाद शर्मा, गणेश योगी, देवीशंकर सोनी, राकेश पालीवाल, गजेन्द्र शर्मा, उमेश सोनी, नन्दकिशोर सैनी, विजय लखानी, रामअवतार धाभाई, महावीर बैरवा, रामजीलाल विजय, रवि विजय, ओमप्रकाश शर्मा सहित भाजपा जिला महामंत्री प्रभु बाड़ोलिया, कमलेश सिंगोदिया, अकबर खान, उमर भाई, सुनिल बंसल, रमेश काला समेत काफी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

मंत्री कन्हैया लाल चौधरी आये देरी से.. पत्रकार संघ जार के जिला अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में निर्धारित समय से लेट पहुँचे मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने खेद प्रकट करते हुए बताया की जयपुर में माननीय उपराष्ट्रपति महोदय के प्रोटोकॉल में अचानक ड्यूटी लग जाने से देरी हुई में दिन भर टोंक आपके कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए विचार कर रहा था.. बीजी शुड्यूल के बाद भी आपके बीच कर पत्रकारों के हितो में आवाज़ उठाऊंगा.. इस दौरान जिला अध्यक्ष ब्रजेश परिडवाल एवं कार्यकारिणी ने मंत्री का स्वागत कर चाय पर चर्चा की ।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर में विभागीय गतिविधियां मोनिटरींग के लिये पहुंचे सीएमएचओ

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरो में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं की मोनिटरिंग के लिये सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल कुम्भलगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत रीछेड़ व



थूरावड़ आयोजित शिविरो में पहुंचे तथा वहां दी जा रही सेवाओं एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति को लेकर चिकित्सा अधिकारीयों से मिलकर समीक्षा की।उन्होंने वहां शिविर में दिव्यांगजनो के लिये जारी किये गये यूनिक डिसेबिजिलटी आइडेंटिफिकेशकन कार्ड की संख्या, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत वितरीत किये गये कार्ड, प्रधानमंत्री वयवंदन योजना के तहत पंजीकरण एवं कार्ड वितरण, संभावित टी.बी रोगियों की स्क्रीनिंग, टी.बी रोगियो को वितरीत किये गये निक्षय पोषण किट, गैर संचारी रोगो की रोकथाम के लिये पंजीकरण एवं स्क्रीनिंग के साथ ही संभावित पाये गये बी.पी व शुगर के रोगियो की संख्या के साथ ही गर्भवती महिलाओं को दी जाने सेवाओं को लेकर विस्तार से जानकारी ली तथा पेंडिंग कार्य को तत्काल पूरा करने के लिये निर्देशित किया।

सीएमएचओ ने पीएचसी रिछेड़ का किया निरीक्षण

सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केनद्र रीछेड़ का औचक निरीक्षण कर किया तथा चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को मौसमी बिमारीयों के नियंत्रण को लेकर विस्तार से समीक्षा की।

## कोटा शहर में निकला अजगर मजदूरों की टापरियों में घुसा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** कोटा शहर के चंबल गार्डन रोड पर सोमवार की देर रात अजगर दिखाई देने से हडकंप मच गया। फुटपाथ पर टापरियों में रह रहा परिवार डर के कारण सड़क के सामने वाले छोर पर चला गया। मजदूर नहीं बताया कि कल शाम 5.00 बजे से ही बरसात हो रही थी ऐसे में हम सभी काम से लूटने के बाद सीधे अपने झुग्गियों में चले गए और सो गए रात को देखा तो एक अजगर रिंगटोन



वह हमारे बिस्तरों के पास आ गया । ऐसे में हम सभी डर के मारे चिल्लाने लगे बदहवास हालत में हम सड़क के दूसरी ओर आ गए पुलिस ने फोन करके सांप पकड़ने वाले को बुलाया। स्नेक केचर गोविंद शर्मा ने मौके पर पहुंचकर 9 फीट लंबे अजगर को रेस्क्यू किया। इसके बाद सुरक्षित जंगल में रिलीज किया।स्नैक केचर गोविंद नेबताया की घटना रात साढ़े 10 बजे के आस-पास की है। अजगर सांप चंबल गार्डन की दीवार पर रेंग रहा था। पास ही पार्किंग में 20-30 लोग टापरियों में मौजूद थे। अजगर को देखकर सभी लोग दहशत में आ गए। टापरियों से निकलकर सड़क के दूसरे छोर पर चले गए। अजगर रेंगता हुआ लकड़ियों के बीच जा छिपा। रात को गश्त कर रही पुलिस की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। मौके पर जाकर लकड़ियों को हटाकर देखा तो 9 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। उसे सावधानीपूर्वक पकड़ा। फारेस्ट अधिकारी भवानी सिंह जादौन को सूचना दी। फिर अजगर को जंगल में रिलीज किया। गोविंद ने बताया कि अक्सर बारिश के दिनों में कोबरा और अजगर शिकार की तलाश में अपने बिलों से बाहर निकल आते है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर आज यहां आयोजित होंगे

बढ़ता राजस्थान

टोंक,(का.स.)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार, 2 जुलाई को टोंक तहसील की ग्राम पंचायत छान, भरनी एवं सांखना में, तहसील पीपलू की ग्राम पंचायत रानोली एवं कठमाना में, तहसील निवाई की ग्राम पंचायत वनस्थली, पलई एवं बिड़ौली में, तहसील मालपुरा की ग्राम पंचायत देशमा, चांविडया एवं किरावल में, तहसील देवली की ग्राम पंचायत मालेड़ा में, तहसील दूनी की ग्राम पंचायत आंवा में, तहसील नगरफोर्ट की ग्राम पंचायत फुलेता में, तहसील उनियारा की ग्राम पंचायत रूपपुरा एवं खेलनिया में, तहसील अलीगढ़ की ग्राम पंचायत सोप एवं तहसील टोडारायसिंह की ग्राम पंचायत सवारिया व पंवालिया में शिविर आयोजित होंगे।

## जिला कलेक्टर ने की ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

टोंक,(का.स.)। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने महात्मा गांधी नरेगा योजना, पीएम आवास, एमपी, एमएलए स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, जिला परिषद की अन्य योजनाओं के संबंध में सीईओ परशुराम धानका समेत अन्य अधिकारियों से प्रगति की समीक्षा की।



जिला कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की सभी योजनाएं गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद लोगों को सीधा लाभ पहुंचाती है। इसलिए इन योजनाओं में अधिकारी एवं कर्मचारी संवेदनशीलता से कार्य करें। उन्होंने मनरेगा में बनाई गई नर्सरियों के अपडेट स्थिति और वहां आमजन को पौधे वितरण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान के तहत ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग अपने टारगेट पूरे करने की कार्य योजना बनाएं।

जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के द्वितीय चरण एवं जल शक्ति अभियान कैच द रैन में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने सांसद, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत स्वीकृत कार्यों, मॉडल तालाब एवं सार्वजनिक शौचालय के प्रगतिरत, पूर्ण एवं पेंडिंग कामों की समीक्षा की। साथ ही, महात्मा गांधी जनभागीदारी योजना में लोगों को ग्रामीण विकास के कामों में शामिल करने के लिए एसीईओ ललित कुमार को निर्देशित किया। एसीईओ ने जिले में घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जातियों को आवासीय पट्टे देने की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

जिला कलेक्टर ने कहा कि बजट घोषणा 2025-26 के तहत जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में आगामी 5 वर्षों में चरणबद्ध रूप से चिन्हित गांवों के सभी बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया जायेगा। इसके लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग सजगता एवं कार्य योजना बनाकर कार्य करें, ताकि जिले के बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से उपर लाया जा सके।

## टीबी मरीजों को मिला संबल और उम्मीद

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( कमल मीणा )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अनंतोदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत जोधपुरिया, चतुर्भुज पूरा और सुनारा में शिविरों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान को और अधिक सशक्त बनाते हुए चिन्हित टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गईं। इस दौरान मरीजों को



मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक सहयोग भी उपलब्ध कराया गया। इस दौरान डॉ. अर्चना (सुनारा), एएनएम सुमन कुमारी (जोधपुरिया), सरपंच अनिता मिना(चतुर्भुज पुरा) को निक्षय मित्र के रूप में नामित किया गया। इनके माध्यम से पाँच जरूरतमंद मरीजों को पोषण किट सौंपी गईं। यह कदम सरकार की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने की प्रतिबद्धता को मजबूती प्रदान करता है।निक्षय मित्र बनाए जाने पर सभी चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने चिकित्सा विभाग, उपखंड प्रशासन तथा राजस्थान सरकार के प्रति आभार जताया और ऐसे शिविरों को जन-कल्याण के लिए अत्यंत सराहनीय बताया। कार्यक्रम में बीपीएम जयदीप सिंह बीएचएस राजेश गुर्जर तथा डॉ रवि, ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर विष्णु कान्त खंगार,सहित चिकित्सा दल के सीएचओ, एलटी, फार्मासिस्ट और अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चौर का मन्दिर तिराहे कट पर नाला क्षतिग्रस्त ,कस्बे में प्रवेश का है मुख्य मार्ग

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर कस्बे में पुरानी अनाज मण्डी की ओर चौर मन्दिर तिराहे से प्रवेश करने वाले रास्ते पर बना नाला कट ध्वस्त होने से आमजन के आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । समस्या को लेकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश तिवारी ने उपखंड अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि क्षतिग्रस्त कट से कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है इसके लिए नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी एवं अध्यक्ष को अवगत कराने के उपरांत भी समाधान नहीं कराया गया है। पूर्व पालिका अध्यक्ष द्वारा लिखे गए पत्र में समस्या का गुणवत्ता पूर्ण तरीका से निस्तारण कराए जाने की बात कही गई है।



**इनका कहना है**

चोर के मंदिर से पुरानी अनाज मंडी को जाने वाले रास्ते का नाला कट क्षतिग्रस्त मामला मेरे प्रसंज्ञान में अभी आया है। समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए एक-दो दिन में ही माकूल व्यवस्था की जाएगी।

सुनीता प्रकाश जाटव अध्यक्ष नगर पालिका भुसावर

## शैक्षिक उन्नयन ही प्राथमिकता- लखनपाल सिंह

बढ़ता राजस्थान

**रूपबास/भरतपुर ( राजेश कटारा )।** रूपबास ब्लॉक के नये सीबीईओ के रूप में आये लखनपाल सिंह पना ने रूपबास ब्लॉक को शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ बनाने के संकल्प के साथ रूपबास सी बी ई ओ के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर समता आंदोलन समिति संभाग भरतपुर युवा प्रकोष्ठ के संभाग अध्यक्ष योगेश शर्मा व रूपबास अध्यक्ष प्रेमवीर शर्मा के नेतृत्व में उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया।लोहागढ़ के पूर्वी प्रवेश द्वार पर स्थित रूपबास तहसील शैक्षिक दृष्टि से काफी पीछे है। इसलिए हम सब मिलजुल कर इसके



शैक्षिक स्तर के उन्नयन का प्रयास करेंगे। क्योंकि शिक्षा से ही विकास के सभी मार्ग खुलते हैं।ये उद्गार नवागत सी बी ई ओ एल पी सिंह पना ने उस समय व्यक्त किये जब समता आंदोलन समिति के पदाधिकारियों ने उनका साफा बांधकर एवं माल्यार्पण करके स्वागत किया। साथ में ए सी बी ई ओ नरेश शर्मा का भी स्वागत किया गया। लखन पाल सिंह पूर्व में भी रूपबास बी ई ओ के रूप में अपनी श्रेष्ठ सेवाएं दे चुके हैं व उनकी प्रशासनिक क्षमताएं लाजबाब मानी जाती हैं उनके रूपबास सी बी ई ओ के रूप में नियुक्त होने से रूपबास क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ने के अवसर और कुशल नेतृत्व प्राप्त होगा इस अवसर पर समता आन्दोलन समिति भरतपुर युवा प्रकोष्ठ के सम्भाग अध्यक्ष योगेश कौशिक, तहसील अध्यक्ष प्रेम वीर शर्मा,कार्यालय प्रभारी कृष्ण कान्त वर्मा, सेवानिवृत शिक्षक व कवि गीतम सिंह परमार,सोनू शर्मा,आर पी तेज पाल सिंह,राजपाल सिंह एवं समता आन्दोलन समिति के अन्य लोग मौजूद रहे।

## चंबल परियोजना के रीसाइकिलिंग टैंक की सफाई करते मजदूर की मौत

बढ़ता राजस्थान

**रूपबास/ भरतपुर ( राजेश कटारा )।** चंबल परियोजना रूपबास के स्टोरेज प्लांट पर में स्थित रीसाइकिलिंग टैंक में सफाई करते समय मंगलवार सुबह 9बजे पैर फिसलकर डूबने से मजदूर बिजेंद्र सिंह पुत्र मुरारी निवासी नगला झोर पोस्ट सिररौंद रुदावल के पास की मौत हो गई।सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस थाना रूपबास के एएसआई राकेश कुमार मय जाप्ता मौके पर पहुंचे तथा तहसीलदार रूपबास अमित



शर्मा,नगर पालिका रूपबास के अधिशासी अधिकारी योगेश पिप्पल, नगर पालिका स्टाफ चंबल परियोजना रूपबास की एईएन अनीता मीणा मौके पर मौजूद। प्राप्त जानकारी के अनुसार रीसाइकिलिंग टैंक में जमा गंदगी सफाई कर रहे मजदूरों में से एक बिजेंद्र सिंह टैक में फिसलकर डूब गया जिसे काफी तलाश करने के बाद एसडीआरएफ की टीम आने से पहले ही रूपबास निवासी रोहिताश कश्यप ने बहादुरी दिखाते हुए 10फीट गहरे टैंक में उतरकर शव को बाहर निकाला जिसे एसडीआरएफ की टीम ने पीसीआर दी लेकिन मृतक के शरीर में कोई हलचल नहीं होने पर शव को उपजिला चिकित्सालय रूपबास पहुंचाया पोस्टमार्टम पुलिस तहरीर के बाद ही हो पाएगा।

**सरकार ने थामा हाथ,जब टूटने लगी आस..**

# जमाबंदी में 44 साल बाद सही हुआ नाम तो अमर सिंह के छलक उठे आँसू

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। राज्य सरकार द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025 अनेक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के नेतृत्व में जिले में इन शिविरों का सफल संचालन सुनिश्चित हो रहा है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत पिपलांत्री ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में उमठी ग्राम निवासी अमर सिंह को बड़ी राहत मिली। अमर सिंह का नाम पिछले 44 वर्षों से जमाबंदी में गलत दर्ज था। जब अधिकारियों ने मौके पर ही जमाबंदी में नाम सही कर अमर सिंह को सौंपा तो उसकी खुशी का ठिकाना न रहा और उसके आँसू छलक उठे। उन्होंने



तहे दिल से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का इन शिविरों के लिए आभार जताया। उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता ने बताया कि अमर सिंह के पिता का निधन वर्ष 1980 में हो गया था। उस समय अमर सिंह की उम्र मात्र छह महीने थी। विरासत नामांतरण के समय गलती से अमर सिंह का नाम गुलाब सिंह दर्ज कर दिया गया। परिवार जनों ने विद्यालय में सही नाम अमर सिंह ही दर्ज कराया और आगे की सभी शैक्षणिक, पहचान एवं अन्य दस्तावेजों में अमर सिंह नाम से ही रिकॉर्ड रहा।

लेकिन जमाबंदी नकल में लगातार 44 साल तक गलत नाम 'गुलाब सिंह' दर्ज रहने के कारण उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। पिपलांत्री पंचायत के इस शिविर में प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रकरण का त्वरित निस्तारण कर उनके नाम को शुद्ध कर 'अमर सिंह' किया गया। इस कार्रवाई से अमर सिंह को बड़ी राहत मिली।

अमर सिंह ने इस त्वरित समाधान के लिए राज्य सरकार का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 44 वर्षों से चली आ रही इस गलती को सुधारने में उन्हें अब तक कहीं से कोई सहायता नहीं मिल पाई थी। लेकिन राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत लगाए गए इस शिविर में उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान बहुत ही सरलता और तत्परता से कर दिया गया।

शिविर में सरपंच अनीता पालीवाल, उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता, सहायक निदेशक लोक सेवाएं लतिका पालीवाल, तहसीलदार विजय रैगर, आइएलआर दीपिका, पटवारी नीरज आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टर्स डे पर सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी ने दी चिकित्सकों को शुभकामनाएं



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** सेवा ही संकल्प, चिकित्सा ही धर्म के पावन संदेश के साथ डॉक्टर्स डे के शुभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने चिकित्सकों को समर्पित इस दिन को उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यालय परिसर में केक काटकर आयोजित इस समारोह में चिकित्सा जगत के निस्वार्थ सेवकों को सम्मानित किया गया।डॉ. गोस्वामी ने इस अवसर पर समस्त चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि -हर रोगी में ईश्वर का दर्शन करने वाले हमारे डॉक्टर वास्तव में समाज के सच्चे रक्षक और मानवता के प्रतीक हैं। उन्होंने सभी चिकित्सकों से सेवा और करुणा को प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के तहत चिकित्सा संस्थानों के परिसर में स्वच्छता को गति देने, पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ संदेश को जन-जन तक पहुँचाने की अपील की। इस अवसर पर डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल, अति. सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर, डीपीसी डॉ. अशोक खटवानी, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा सहित चिकित्सा विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट सेवाएं देने की प्रतिज्ञा दोहराई और डॉक्टर्स डे को समर्पित भाव से मनाया।

# खेतों पर जाने के रास्ते को सही करवाने के लिए उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला के ग्राम पंचायत वार्ड क्रमांक 17 गोलखेड़ी के ग्रामीणों ने खेतों पर जाने वाले रास्ते को सही करवाने के लिए उपखंड अधिकारी गंगधार को ज्ञापन सौंपा।वहीं ग्राम पंचायत सरपंच पर सुनवाई नहीं करने के आरोप भी लगाए है।ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि बरसात के कारण खेतों पर जाने के रास्ते पानी की टंकी से लेकर रेलवे ब्रिज तक एवं गोलखेड़ी की मुख्य सड़क से लेकर रेलवे नाले तक ,कीचड़ एवं गड्ढों के कारण अत्यधिक खराब हो गए हे ,इस कारण खेतों पर जाने में भारी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा हे।इसके बारे में ग्राम पंचायत सरपंच को लिखित में और मौखिक रूप से अवगत करवा चुके हे लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।अत: महोदय अनुरोध हे रास्ते पर ग्रेवाल डलवाने का आदेश देकर ग्रामीणों की उक्त समस्या का समाधान शीघ्र ही करवाया जाय।

# अज्ञात कारणों के चलते युवक ने घर में लगे कड़े से रस्सी फंदा लगाकर आत्महत्या की

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के उन्हैल थाना क्षेत्र के रायपुरिया गांव में सोमवार रात्रि को अज्ञात कारणों के चलते युवक ने घर में लगे कड़े से रस्सी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा। थानाधिकारी रामकरण कटारिया ने बताया कि क्षेत्र के रायपुरिया गांव में देवेंद्र सिंह पुत्र रामलाल, उम्र 42 वर्ष, जाति सौंधिया राजपूत ने रात्रि में अपने घर के अंदर लगे छत के कड़े में रस्सी का फंदा लगाकर झूल गया। परिजन सुबह उसके कमरे में गए तो वह फंदे से लटका मिला। तुरंत उसे फंदे से उतारकर चौमहला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मंगलवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा व संदिग्ध मृत्यु में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ राजीव शर्मा सांगानेर ने यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा से की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** हिंडौन सिटी की प्रमुख मांगो को लेकर भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ राजीव शर्मा सांगानेर ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा से मुलाकात की शहर में खारी नाले की समस्या और डीपीआर की वित्तीय स्वीकृति, नगर परिषद में स्थाई आयुक्त लगाने की मांग को लेकर आज जयपुर में भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ राजीव शर्मा सांगानेर ने यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा से सचिवालय में मुलाकात की। मंत्री ने



मागों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि हिंडौन शहर में कई महीनों से ये समस्याएं बनी हुई हैं जिससे लोग परेशान हैं।

# गोविंद माधव ग्लोबल स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** गोविंद माधव ग्लोबल स्कूल में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर व माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की गई। प्रधानाचार्य ने शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को बालकों की शिक्षा व खेल के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। शारीरिक शिक्षक राजेश गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के सम्मान के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य विनय ओझा ने अध्यापकों अभिभावकों और बच्चों को नियमित शिक्षा करवाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर निदेशक कामाख्यासंभव सिंह, प्रधानाचार्य विनय ओझा, शारीरिक शिक्षक राजेश गुर्जर, भरतकुमार, नरेश आलोरिया, विक्रम सारस्वत, प्रिया शर्मा, मोनिका बैरवा, खुशी सोनी, साइना, राशिका जैन व दीपिका जैन सहित कई शिक्षक व

# गति शक्ति योजना के तहत लगाई डेढ़ लाख की फेंसिंग चोरी

## इंद्रगढ़-आमली की घटना,आरपीएफ ने दो आरोपी गिरफ्तार किए

बढ़ता राजस्थान

लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा) । आरपीएफ उप थाने के अंतर्गत कोटा सवाई माधोपुर रेलखंड स्थित इंदरगढ़ तथा आमली के बीच लगाई गई लोहे की फेंसिंग चोरी होने का मामला सामने आया है। यह घटना 22 जून की रात की बताई जा रही है। यह फेंसिंग गति शक्ति योजना के तहत आवारा जानवरों को रेलवे लाइन पर आने से रोकने के लिए रेल पटरी के दोनों तरफ लगाई गई थी। चोरी गई फेंसिंग का मूल्य करीब डेढ़ लाख बताई जा रहा है। हालांकि आरपीएफ इसे 35 हजार रुपए मूल्य की चोरी बता रही है।

**खंबे खड़े रह गए प्लेट खोल ले गए**

उल्लेखनीय है कि ठेकेदार द्वारा खंबे खड़े करके इनके बीच में नट-बोल्ट द्वारा नालीनुमा लंबी-लंबी प्लेटें लगाई गई थीं। चोर नट-बोल्ट खोलकर कर करीब 50 प्लेटें चुरा ले गए। चोरों ने यह प्लेटें अप और डाउन लाइन के दोनों तरफ से चुराईं। बाद में चोर इन प्लेटों को पिकअप वैन में भरकर ले गए।



## रेलवे में मचा हड़कंप

चोरी का मामला सामने आने पर रेलवे में हड़कंप मच गया। लाखेरी आरपीएफ चौकी पर मामला दर्ज कर तुरत-फुरत में चोरों की तलाश शुरू कर दी। चोरों की तलाश में आरपीएफ ने कोटा सवाई माधोपुर सहित अन्य कई जगहो से पर दबिश दी देकर दो आरोपियों रामखिलाड़ी मीणा शेरगंज, मनीष चमनगंज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की वही अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपी राम खिलाड़ी मीणा घटनास्थल के समीप के गांव शेरगंज का रहने वाला बताया जा रहा है। बाकी के आरोपी भी यही आस पास के गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। दोनो आरोपियों के गिरफ्तारी की सूचना के बाद बाकी के आरोपी फरार हो गए। रामखिलाड़ी को आरपीएफ ने कोटा अदालत में पेश किया। अदालत ने रामखिलाड़ी को 3 दिन के रीमांड पर भेजा। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद आरपीएफ ने सोमवार को रामखिलाड़ी ओर मनीष को कोटा रेलवे कोर्ट में फिर से पेश किया जहां पर रामखिलाड़ी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा वही मनीष को दो दिन के रिमांड पर आरपीएफ को सौप दिया। रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपियों द्वारा चोरी की बात कबूल की है लेकिन आरपीएफ अभी तक चोरी गया माल बरामद नहीं कर सकी है। आरपीएफ द्वारा माल ले जाने वाली पिकअप वैन भी रामखिलाड़ी की ही बताई जा रही है। जिसे आरपीएफ ने जप्त कर लिया है।

## कुछ दिन पहले भी की थी कोशिश

सूत्रों ने बताया कि चोरों ने घटना के करीब 15 दिन पहले भी इसी जगह फेंसिंग चोरी का प्रयास किया था। मौके पर रेल कर्मचारियों को कई प्लेटों के नट-बोल्ट खुले मिले थे। सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरपीएफ ने भी मामले की जांच की थी। बाद में यह प्लेटें चोरी हो गईं।

## 1 साल में दूसरी बड़ी घटना

लाखेरी रेलखंड में एक साल में चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले इस रेल खंड में चोरों द्वारा कई जगह से सिग्नल केबल चुराने का मामला भी सामने आया था। एक के बाद एक लगातार केबल चोरी की घटनाओं से आरपीएफ की नींद खराब हो गई थी। तब चोरों की तलाश में जबलपुर भोपाल तक के आरपीएफ जवानों को लाखेरी रेल खंड में लगाया गया था। कई आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था।

# द बोहराज ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल महुआ में प्रथम दिन माता-पिता की पूजा कर डॉक्टर दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी/महुवा ( अंशु गुप्ता )।** द बोहराज ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल महुवा में मंगलवार को बच्चों द्वारा माता पिताओ का पूजन कर विद्यालय का सत्र प्रारंभ हुआ । द बोहराज ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्यनरत बच्चों ने माता-पिता व डॉक्टर्स का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया विद्यालय के डायरेक्टर विनय बोहरा ने बताया कि गर्मी की लंबी छुट्टियों के बाद मंगलवार को सभी विद्यार्थी स्कूल पहुंचे। जहां स्कूल में विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का तिलक लगाकर पुष्पों के साथ धूमधाम से स्वागत सत्कार किया गया ।

प्रार्थना सभा के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा उनके माता-पिता




का पूजन सत्कार कर आशीर्वाद लिया गया। जहां एक और माता-पिता की आंखें भावुकता से नम नजर आई वहीं दूसरी ओर पहले दिन बच्चे उत्साह से भरपूर नज़र आए। मध्यांतर के पश्चात विद्यार्थियों की एक टीम *डॉक्टर दिवस* के अवसर पर डॉक्टर्स से मिलने *राजकीय उप-जिला चिकित्सालय, महुआ* पहुंची। जहां विद्यार्थियों ने महवा चिकित्सा प्रमुख डॉ राम सिंह जी मीना डॉ हरि पुरिया जी,डॉ बत्ती लाल जी, डॉ हेमराज जी, डॉ दिनेश मीना जी, डॉ रमेश जी, डॉ पूनम जी, डॉ नीतू मीना जी, डॉ पवन खंडेलवाल जी, डॉ रविकांत जी, डॉ शिवचरण जी डॉ जगमोहन जी, डॉ पंकज जी, डॉ अशोक जैन जी, डॉ मोहन लाल जी, डॉ वाहिद हुसैन जी,डॉ राकेश अवस्थी जी, डॉ अवधेश गौतम जी, डॉ माधव जी,डॉ तन्मय जी, डॉ रश्मि मीना जी तथा अन्य स्टाफ का मालाओं व मिष्ठान के साथ सम्मान व्यक्त किया। तत्पश्चात डॉक्टर के द्वारा विद्यार्थियों को चिकित्सालय का भ्रमण करा कर उन्हें नई-नई तकनीकों व चिकित्सा संबंधी नई जानकारीयों का ज्ञान दिया गयाइस उपलक्ष में डायरेक्ट विनय बोहरा, सह-डायरेक्टर विकास बोहरा, विद्यालय संरक्षक गोपुत्रअवधेश अवस्थी, विद्यालय प्रधानाचार्य ओपी, अध्यापिका श्रधा जी व संध्या जी, पी टी आई भूपेंद्र जी व सुरेंद्र जी एवं समस्त विद्यालय के अन्य स्टाफ उपस्थित रहे थे।

# रोटरी क्लब कोटा को मिले नये अध्यक्ष मनोज सोनी, नीरज अग्रवाल बने सचिव

## वर्षपर्यंत होने वाले कार्यक्रमों का कैलेंडर जारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( विनोद गौड़ )।** रोटरी क्लब कोटा की सत्र 2025- 26 की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने मंगलवार को कार्यभार संभाला।इस दौरान सदस्यों ने यह संकल्प व्यक्त करते हुए बर्ष भर के कार्यक्रमों की रूपरेखा भी रखी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज सोनी ने कहा की रोटरी क्लब कोटा का स्वर्णिम इतिहास के 66 वर्ष पूर्ण कर चुका है। और आने वाला वर्ष भी इसी सोपान में जनकल्याण के कार्यकर्ता रहेगाक्लब सामाजिक सरोकार के कार्यो में अपनी एक विशिष्ठ पहचान रखता है। उन्होंने बताया क्लब द्वारा नियमित चलायमान सेवा कार्य जैसे जेके लोन हॉस्पिटल में नीकू पीकू वार्ड की देखभाल, न्यू मेडिकल कॉलेज में फिजियोथेरेपी सेंटर, देवनारायण योजना में देवनारायण रोटरी पब्लिक स्कूल




समेत विभिन्न प्रकल्पों को निर्बाद्ध संचालित किया जाएगा।

## 6 डाइलिसिस मशीनें जल्द होगी शुरू

सचिव नीरज अग्रवाल ने बताया कि बहुत जल्द मानव सेवा अस्पताल, गोबरिया बावड़ी पर क्लब द्वारा लगाई गई 6 डाइलिसिस मशीनें कार्य करना प्रारम्भ कर देंगी। जहाँ निशुल्क डाइलिसिस सेवा जरूरतमंदों को प्रदान की जाएगी। क्लब वर्ष पर्यंत प्लास्टिक की थैली के स्थान पर घर से कपड़े का थैला ले जाने के लिए जन जागरन जागृति अभियान चलाया जाएगा।

आमजन को रक्तदान का महत्व बताने के लिए वर्ष पर निबंध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन करवाया जाएगा ।

## इच वन टीच वन अभियान से जगाएंगे शिक्षा की

## अलख

प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि क्लब द्वारा संचालित देवनारायण रोटरी पब्लिक स्कूल जहाँ बच्चों को औपचारिक शुल्क पर अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा उपलब्ध करवाई जाती है।

पौधारोपन कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण ही नहीं बल्कि जब तक वह स्वपोषी ना हो जाए, उसको सहेजने का कार्य भी किया जाएगा।

## आगामी कार्यक्रमों के पोस्टर का विमोचन

कार्यभार ग्रहण, करने के साथ ही आगामी कार्यक्रमों के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष उमेश गोयल, उपाध्यक्ष अनुपम शर्मा, दीपक मेहता, निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश व्यास, वर्ष 2025-26 की रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रज्ञा मेहता, रोटरी कम्युनिटी ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी, प्रेसिडेंट इलेक्ट लक्ष्मण सिंह खींची, दीपक भार्गव एवं संजय गोयल उपस्थित रहे।

# जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** 5 जुलाई को कत्ल की रात एवं 6 जुलाई को मोहर्रम (ताजिया) (चांद से) के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये ।जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधू ने आदेश जारी करते हुए सुभाषनगर एवं सदर थाना क्षेत्र के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट, भीलवाड़ा दिव्यराज सिंह चुण्डावत, व नायब तहसीलदार परमजीत सिंह भाटी को, कोतवाली एवं भीमगंज थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार भीलवाडा दिनेश कुमार साहु व नायब तहसीलदार भीलवाडा रोनक शर्मा को तथा प्रतापनगर एवं पुर थाना क्षेत्र के लिए विशेषाधिकारी श्री चिमन लाल मीणा को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया। इसी प्रकार आरक्षित कार्यपालक मजिस्ट्रेट के लिए तहसीलदार नगर विकास न्यास नीरज रावत, का. तहसीलदार भू-अभिलेख भैरू लाल सुथार तथा नायब तहसीलदार सुवाणा पवनेश कुमार शर्मा को आरक्षित कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट समकक्ष वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए त्यौहार/अवसर पर कानून व्यवस्था की स्थिति पर पूर्ण निगरानी रखेगे एवं सतर्कता बरतेगें। किसी भी महत्वपूर्ण घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को देते हुए आवश्यक कार्यवाही संपादित करेंगें। इन स्थानों के अलावा जिले के अन्य स्थानों के लिए संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं संबंधित तहसीलदार कानून व्यवस्था की स्थिति पर पूर्ण निगरानी रखेंगे एवं सतर्कता बरतेगें तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने की सुनिश्चितता करेगे। किसी भी महत्वपूर्ण घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को देते हुए आवश्यक कार्यवाही संपादित करेगें। कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए अति0 जिला मजिस्ट्रेट (शहर) प्रतिभा देवठिया भीलवाड़ा शहर के लिए तथा अति0 जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) ओमप्रकाश मेहरा भीलवाड़ा शहर को छोड़कर सम्पूर्ण जिले के लिए प्रभारी मजिस्ट्रेट होगें।

# इमाम हुसैन की याद में 403 यूनिट रक्त संग्रह किया

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** इस्लामी नव वर्ष के शुभारंभ पर इमाम हुसैन की याद में रक्त मित्र समूह ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाकर रविवार को 403 यूनिट रक्त संग्रह का कीर्तिमान स्थापित किया । शिविर के आयोजक एवं समूह के डायरेक्टर मुकीम खान ने बताया कि इस्लामी नव वर्ष एवं मोहर्रम के अवसर पर रविवार को दाई हलीमा हॉस्पिटल परिसर में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में महात्मा गांधी ब्लड बैंक की टीम ने 115




यूनिट और अरिहंत ब्लड बैंक ने 58 यूनिट तथा रामस्नेही ब्लड बैंक टीम ने 65 यूनिट व केबीसी ब्लड बैंक ने 35 यूनिट तथा भीलवाड़ा ब्लड बैंक की टीम ने आसींद से 130 यूनिट रक्त संग्रह किया इसके साथ ही जिला मुख्यालय पर आयोजित कैंप में डॉ. लाल पैथ लेब की विशेषज्ञ टीम द्वारा 135 जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें बीपी शुगर, एनीमिया आदि से जुड़ी जांच की गई । रक्त मित्र समूह ने शिविर की सफलता के लिए सभी रक्तदाताओं, डॉक्टर्स, अस्पताल स्टाफ, ब्लड बैंक तकनीशियनों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त कर विशेष रूप से उड़ान शिक्षक फाउंडेशन का धन्यवाद किया जिन्होंने मानवता की सेवा के लिए शिविर में अहम भूमिका निभाई ।

# रोटरी क्लब बूंदी: गणेश पूजन के साथ नए सत्र का आगाज़, डॉक्टर्स और सीए का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** रोटरी क्लब के नए सत्र 2025-26 का शुभारंभ विधि-विधान से गणेश पूजन के साथ हुआ. क्लब अध्यक्ष ऋतुराज दाधीच और सचिव जगदीश मंत्री ने गणेश जी का पूजन कर नए सत्र की शुरुआत की। सत्र के पहले दिन अंतर्राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर क्लब सदस्यों ने जिला अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों का सम्मान किया। डॉक्टर्स को माल्यार्पण कर और मुंह मीठा कराकर उनकी सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया. इसी कड़ी में, रोटरी सामुदायिक भवन में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे भी मनाया गया, जहाँ शहर के कार्यरत चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को दुपट्टा पहनाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान रोटरी सामुदायिक भवन में



पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। क्लब अध्यक्ष ऋतुराज दाधीच ने इस अवसर पर कहा कि चिकित्सक भगवान का रूप होते हैं, जो आमजन की सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर रहते हैं और मरीज का पूर्ण निष्ठा के साथ इलाज करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इसी प्रकार चार्टर्ड अकाउंटेंट भी भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपनी पूर्ण भागीदारी निभाते हैं ।

## इस डॉक्टर्स का डॉक्टर्स डे पर किया सम्मान

पीएमओ डॉ.लक्ष्मी नारायण मीणा,डॉ प्रभाकर विजय,डॉअमर शर्मा,डॉ.पवन भारद्वाज,डॉ.बद्री विशाल मुंदड़ा,डॉअनिल जांगिड़, डॉबी.एस मीणा, डॉ.लक्ष्मण गुर्जर, डॉ.मंजू तनेजा,डॉप्रतिभा मीणा।

## चार्टर्ड अकाउंटेंट डे पर इनका हुआ सम्मान

सीए नरेश जैन, राजकुमार जैन,प्रवीण मुंद्रडा,हरीश जैन,दीपक भूतड़ा,केशव बाहेती,अर्पित जाजू , आकाश जाजू ,विपिन जैन , इस अवसर पर उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम में बलभद्र सिंह हाडा, त्रिलोक चंद जैन, लक्ष्मी चंद गुप्ता, चंद्र प्रकाश सेठी, महेंद्र जैन, चंद्रभानु लाठी, हाशम भाई, जितेंद्र छाबड़ा, ध्रुव व्यास, राकेश सुवालका, असरार अंसारी, नरेश जिंदल, सुरेश दाखेड़ा, घनश्याम जोशी, शैलेश चौबीसा, इदरीश बोहरा, नारायण झवर, जगदीश जेथलिया, गोपाल शर्मा, प्रेम प्रकाश एवरग्रीन, निखिल मूलचंदानी, गजेंद्र, हनुमान सोनी, गायत्री गुप्ता, मंजू दाधीच और अनीता लाठी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

दैनिक बढ़ता राजस्थान www.badhatarajasthan.in

RNI NO. RAJHIN/2010/35060



"जीवन एक उतार चढ़ाव का खेल है, इन्हे स्वयं पर हावी न होने दे ना तो चढ़ाव हमेशा है और न ही उतार।"

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# तिब्बत नहीं भारत से होंगे नए दलाई लामा? चीन की बढ़ी टेंशन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन को डर है कि तिब्बत के अगले दलाई लामा के नाम का ऐलान जल्द हो सकता है। इससे भी बड़ा डर ये है कि कहीं इस नाम की घोषणा बिना चीन की मर्जी से भारत से न हो जाए। जिसे लेकर चीन कई बार चेतावनी दे चुका है। दलाई लामा स्पष्ट कह चुके हैं कि उनका उत्तराधिकारी चीन के बाहर पैदा होगा। दूसरे देशों की जमीन पर चीन के कब्जा करने की आदत से पूरी दुनिया परेशान है। जब मन किया मैप निकाला और दुनिया के माथे पर थोंप दिया। ये चीन की फितरत है। वो ऐसे हथकंडे अपनाकर बस पड़ोसियों की बेचैनी बढ़ाता है। ऐसे में भारत समेत बाकी देशों को भी एग्रेसिव होकर चीन को इसका जवाब देना चाहिए। केवल जवाब ही नहीं बल्कि पहले से ही ऐसी जमीन तैयार करनी चाहिए जिसमें चीन घिर जाए। इसके लिए तिब्बत से बेहतर और कोई उपाय हो नहीं सकता। तिब्बत के जरिए चीन की दवाई करने का मन तो अब खुद तिब्बत ने बना लिया है। इंतजार तो बस ऐलान का है। वो ऐलान जिसमें अगले दलाई लामा का जिक्र हो। ये इंतजार ड्रैगन के माथे पर शिकन लाने के लिए काफी है।



 चीन को डर है कि तिब्बत के अगले दलाई लामा के नाम का ऐलान जल्द हो सकता है। इससे भी बड़ा डर ये है कि कहीं इस नाम की घोषणा बिना चीन की मर्जी से भारत से न हो जाए। जिसे लेकर चीन कई बार चेतावनी दे चुका है। दलाई लामा स्पष्ट कह चुके हैं कि उनका उत्तराधिकारी चीन के बाहर पैदा होगा।

## 90वां जन्मदिन इतना महत्वपूर्ण क्यों है?

2011 में दलाई लामा ने कहा कि वे वरिष्ठ भिक्षुओं और तिब्बती लोगों से इस बारे में परामर्श करेंगे कि क्या दलाई लामा की संस्था जारी रहनी चाहिए और यदि ऐसा है, तो अगले पुनर्जन्म को कैसे मान्यता दी जानी चाहिए। अपने 90वें जन्मदिन से पहले हाल ही में दिए गए एक बयान में, उन्होंने कहा कि संस्था किसी तरह के ढांचे के तहत जारी रहेगी। इस सप्ताह, 2 से 4 जुलाई तक धर्मशाला में एक प्रमुख बौद्ध सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, और दलाई लामा से एक वीडियो संदेश की उम्मीद है। इसमें नए दिशा-निर्देश या उत्तराधिकार योजना की रूपरेखा हो सकती है। इस बढ़ती चिंता को देखते हुए कि चीन अपनी पसंद थोपने का प्रयास कर सकता है, इस घोषणा का समय और विषय-वस्तु महत्वपूर्ण है।

## दलाई लामा कौन हैं?

दलाई लामा तिब्बती बौद्ध धर्म में सर्वोच्च आध्यात्मिक व्यक्ति हैं और उन्हें करुणा के बोधिसत्व अवलोकितेश्वर का मानव अवतार माना जाता है। वर्तमान और 14वें दलाई लामा, तेनज़िन ग्यात्सो का जन्म 1935 में अमदो (अब चीन के किंघई प्रांत में) में हुआ था। दो साल की उम्र में उन्हें पुनर्जन्म के रूप में पहचाना गया और 1940 में आधिकारिक तौर पर ल्हासा में स्थापित किया गया। दलाई लामाओं ने ऐतिहासिक रूप से तिब्बत में आध्यात्मिक और राजनीतिक दोनों तरह के अधिकार रखे हैं। 1950 में चीन द्वारा इस क्षेत्र पर नियंत्रण करने के बाद यह बदल गया। तब से वे धर्मशाला में निर्वासन में रह रहे हैं, जहाँ वे तिब्बती बौद्धों के आध्यात्मिक नेता और चीनी नियंत्रण के प्रति उनके प्रतिरोध के वैश्विक चेहरे के रूप में सेवा कर रहे हैं।

## दलाई लामा चुनने की पारंपरिक प्रक्रिया क्या है?

नए दलाई लामा का चयन एक पवित्र और जटिल प्रक्रिया है, जो पुनर्जन्म में तिब्बती बौद्ध विश्वास पर आधारित है। दलाई लामा के मरने के बाद, वरिष्ठ भिक्षु संकेतों, दर्शन और शगुन की तलाश करते हैं। वे दाह संस्कार से निकलने वाले धुएं की दिशा का अध्ययन करते हैं, दैवज्ञों से सलाह लेते हैं और सपनों की व्याख्या करते हैं। अक्सर, खोज ल्हामो ला-त्सो पर केंद्रित होती है, जो एक पवित्र झील है, जिसके बारे में माना जाता है कि यह अगले पुनर्जन्म के स्थान के बारे में दर्शन प्रदान करती है। एक बार जब संभावित बच्चा मिल जाता है, तो उसे वस्तुओं की पहचान करने के लिए कहा जाता है, जिनमें से कुछ दिवंगत दलाई लामा की थीं। सही पहचान को आध्यात्मिक पुष्टि के रूप में लिया जाता है।

## वर्तमान दलाई लामा को कैसे चुना गया?

वर्तमान दलाई लामा की खोज इस तरह से की गई थी। 13वें दलाई लामा के शरीर को राज्य में रखे जाने के बाद, भिक्षुओं ने उनके सिर की दिशा पर ध्यान दिया। ल्हामो ला-त्सो में एक दर्शन ने उन्हें तक्त्सेर गांव तक पहुंचाया, जहां ल्हामो थोंडुप नाम के दो वर्षीय लड़के ने पिछले दलाई लामा से संबंधित वस्तुओं की सही पहचान की। उन्हें मान्यता दी गई और 14वें दलाई लामा के रूप में स्थापित किया गया, बाद में उनका नाम तेनज़िन ग्यात्सो रखा गया। लेकिन आज इस प्रक्रिया को दोहराने में एक बड़ी चुनौती है- चीनी हस्तक्षेप।

## क्या कभी कोई दलाई लामा तिब्बत के बाहर पैदा हुआ है ?

तिब्बत के बाहर दलाई लामाओं के जन्म के दो ऐतिहासिक उदाहरण हैं। चौथे दलाई लामा, योंतेन ग्यात्सो का जन्म 1589 में मंगोलिया में हुआ था। छठे दलाई लामा, त्सांगयांग ग्यात्सो का जन्म भारत के वर्तमान अरुणाचल प्रदेश में हुआ था। दोनों को पारंपरिक व्यवस्था के भीतर मान्यता दी गई और स्वीकार किया गया।

# कर्नाटक के हासन जिले में हार्ट अटैक से दहशत, 1 महीने में 20 से ज्यादा मौतें, हरकत में आई सिद्धारमैया सरकार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इसको लेकर एक्स पर लिखा कि पिछले एक महीने में ही हसन जिले में बीस से अधिक लोगों की मौत हार्ट अटैक से हो चुकी है। सरकार इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रही है।पिछले एक महीने में दिल के दौरे से हसन जिले में 21 मौतें होने की सूचना के बाद कर्नाटक सरकार एक्शन में आ गई है। वहीं, जिला प्रशासन ने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपातकालीन बैठक की। सोमवार को दिल के दौरे से तीन मौतें होने की सूचना मिली। हाल ही में हुई सभी 21 मौतें 30 से 55 वर्ष की आयु के बीच की थीं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इसको लेकर एक्स पर लिखा कि पिछले एक महीने में ही हसन जिले में बीस से अधिक लोगों की मौत हार्ट अटैक से हो चुकी है। सरकार इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रही है।



मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि इन मौतों के कारणों का पता लगाने और समाधान खोजने के लिए जयदेव इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवैस्कुलर साइंसेज एंड रिसर्च के निदेशक डॉ. रवींद्रनाथ के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक समिति बनाई गई है और उन्हें 10 दिनों के भीतर एक अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। इसी समिति को फरवरी में राज्य में युवा लोगों में अचानक होने वाली मौतों के कारणों और कोविड टीकों के कोई प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं या नहीं, इस पर गहन अध्ययन करने के आदेश दिए गए थे। इस संबंध में हृदय रोगियों की जांच और विश्लेषण की प्रक्रिया भी चल रही है।

# उद्धव-राज करीब आ रहे तो महाराष्ट्र में कांग्रेस का एकला चलो राग, किसे होगा सबसे ज्यादा फायदा?

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** कक्षा 1 से 5 तक हिंदी लागू करने के बढ़ते विरोध के बीच, राज्य सरकार ने तीन-भाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित दो आधिकारिक आदेश वापस ले लिए हैं। विरोध के जवाब में, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिक्षाविद् नरेंद्र जाधव के नेतृत्व में एक समिति के गठन की घोषणा की है, जो राज्य की भाषा नीति पर भविष्य की कार्रवाई की सिफारिश करेगी।



महाराष्ट्र की अस्थिर राजनीति एक बार फिर टकराव के लिए तैयार है, इस बार विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन में। राज्य सरकार की हालिया शिक्षा नीति के आधार पर हिंदी लागू करने के विवाद को लेकर प्रमुख सहयोगी दल शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव ठाकरे द्वारा अपने चचेरे भाई राज ठाकरे की एमएनएस के साथ गर्मजोशी दिखाने के हालिया घटनाक्रम के बाद। एमएनएस और शिवसेना (यूबीटी) प्राथमिक स्कूल शिक्षा में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी लागू करने के प्रस्तावित प्रस्ताव का मुखर विरोध कर रहे हैं।

## महाराष्ट्र में हिंदी लागू करने का विवाद क्या है?

कक्षा 1 से 5 तक हिंदी लागू करने के बढ़ते विरोध के बीच, राज्य सरकार ने तीन-भाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित दो आधिकारिक आदेश वापस ले लिए हैं। विरोध के जवाब में, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिक्षाविद् नरेंद्र जाधव के नेतृत्व में एक समिति के गठन की घोषणा की है, जो राज्य की भाषा नीति पर भविष्य की कार्रवाई की सिफारिश करेगी।

## कांग्रेस अलर्ट मोड पर

मराठी मानुस मुद्दे पर ठाकरे बंधुओं के एक मंच पर आने से चिंतित, एमवीए में उद्धव की पार्टी की सहयोगी कांग्रेस अब बीएमसी चुनाव अपने दम पर लड़ने के विकल्प पर विचार कर रही है, सूत्रों ने बताया। इससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि मुंबई में एमवीए गठबंधन टूट सकता है। कांग्रेस ने अब मुंबई कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं से फीडबैक लिया है। ज्यादातर नेताओं का मानना ??है कि ठाकरे गुट के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ना पार्टी की संभावनाओं को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। उन्हें लगता है कि कांग्रेस को मुंबई में अपनी मौजूदगी बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए।

# जनता से वसूली करो, दोस्त की तिजोरी भरो... रेल किराए में बढ़ोतरी को लेकर मोदी सरकार पर कांग्रेस का तंज

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार ने रेलवे का किराया बढ़ा दिया। अब आपको सफर में जेब ज्यादा ढीली करनी होगी। 1,000 किलोमीटर का सफर कितना महंगा।एसी 20 रुपए महंगा, स्लीपर- 10 रुपए महंगा, वहीं, जनरल टिकट पर 5 से 15 रुपए बढ़ाए हैं।रेल मंत्रालय ने सोमवार को एक परिपत्र जारी कर मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों की विभिन्न श्रेणियों में यात्री किराए में बढ़ोतरी की घोषणा की। 1 जुलाई, 2025 से गैर-वातानुकूलित (नॉन-एसी) श्रेणियों के किराए में 1 पैसा प्रति किलोमीटर की वृद्धि हुई जबकि सभी वातानुकूलित (एसी) श्रेणियों में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि हो गई। अब इसको लेकर सियासत भी तेज होती दिखाई दे रही है। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार ने रेलवे का किराया बढ़ा दिया। अब आपको सफर में जेब ज्यादा ढीली करनी होगी। 1,000 किलोमीटर का सफर कितना महंगा।ष्ट-20 रुपए महंगा, स्लीपर- 10 रुपए महंगा, वहीं, जनरल टिकट पर 5 से 15 रुपए बढ़ाए हैं। कांग्रेस ने तंज कसते हुए कहा कि मोदी का फंडा साफ, जनता से वसूली करो, दोस्त की तिजोरी भरो।



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि जब देश की बहुसंख्य जनता महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, घटती आय की दैनिक जद्दोजहद से त्रस्त है, भूख, प्यास, अभाव और व्यथित जीवन का दंश झेल रही है, ऐसी स्थिति में केन्द्र सरकार द्वारा देश में रेल किराया बढ़ाने का निर्णय जनहित के विरुद्ध प्रतीत होता है तथा संविधान के कल्याणकारी उद्देश्यों की पूर्ति के स्थान पर व्यवसायिक मानसिकता से प्रेरित निर्णय प्रतीत होता है।

# जयशंकर ने भारत-पाक सीजफायर पर ट्रम्प का दावा खारिज किया

## अमेरिका में बोले- जंग रोकने की वजह ट्रेड नहीं, मोदी-वेंस की बातचीत के दौरान मौजूद था

बढ़ता राजस्थान

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका में ट्रम्प के दावे को खारिज किया। जयशंकर ने कहा- भारत-पाकिस्तान सीजफायर में अमेरिका के साथ व्यापार का कोई संबंध नहीं है। मंगलवार को अमेरिका में न्यूजवीक मैगजीन के सीईओ देव प्रसाद के साथ इंटरव्यू के दौरान उन्होंने ये बात कही। जयशंकर ने कहा- 9 मई की रात अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पीएम मोदी से बात की थी। मैं भी उस दौरान उसी कमरे में था। वेंस ने चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान भारत पर बड़े हमले की योजना बना रहा है। पीएम मोदी ने इसकी परवाह न करते हुए कहा था- हमले का जवाब दिया जाएगा।विदेश मंत्री ने कहा- अगली सुबह (10 मई) अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पीएम से संपर्क किया। कहा- पाकिस्तान बातचीत के लिए तैयार है। इसके बाद पाकिस्तान के DGMO मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला ने भारत के छ्वत्रस्रु लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई से संपर्क किया और सीजफायर की रिक्वेस्ट की थी।दरअसल, 10 मई को भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर की सबसे पहली सूचना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पोस्ट के जरिए दी थी। ट्रम्प ने कई मौके पर कहा है कि भारत-पाकिस्तान को व्यापार न करने की धमकी दी थी, इसके बाद दोनों देश सीजफायर के लिए माने।



जयशंकर बोले- कूटनीति और व्यापार संबंधी चर्चा पूरी तरह से अलग

जयशंकर ने कहा- घटनाक्रम उस तरह से नहीं हुआ था। कूटनीति और व्यापार संबंधी चर्चा पूरी तरह से अलग हैं। मुझे लगता है कि व्यापार से जुड़े लोग वही कर रहे हैं जो उन्हें करना चाहिए, जैसे- नंबर, लाइनों, प्रोडक्ट्स और व्यापार समझौता। वे सभी इसके प्रोफेशनल हैं और फोकस्ड हैं।

भारत का रुख साफ है आतंकवादियों को किसी भी तरह से नहीं छोड़ा जाएगा। अब उन्हें प्रॉक्सी को तौर पर नहीं देखा जाएगा। आतंकियों को पालने वाली सरकारों को नहीं बख्शेंगे।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# तेलंगाना में विरोध के बावजूद रामचंद्र राव भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बने:एमपी में हेमंत खंडेलवाल, हिमाचल में राजीव बिंदल, उत्तराखंड में महेंद्र भट्ट को कमान

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने मंगलवार को 5 राज्य हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना में निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष चुन लिए हैं। इसके अलावा एमपी में हेमंत विजय खंडेलवाल ने भी निर्विरोध नामांकन भरा। बुधवार को उनकी जीत का ऐलान किया जाएगा।हिमाचल में राजीव बिंदल को तीसरी बार कमान दी गई है। वहीं, महेंद्र भट्?ट दूसरी बार उत्तराखंड अध्यक्ष बने। महाराष्ट्र में रवींद्र चव्हाण, आंध्रप्रदेश में पीएनवी माधव और तेलंगाना में रामचंद्र राव को चुना गया है।तेलंगाना में रामचंदर राव को प्रत्याशी बनाए जाने पर विवाद हुआ था। गोशामहल से विधायक टी राजा ने विरोध करते हुए सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।2 दिन में 9 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तस्वीर साफ हो जाएगी। भाजपा के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 50त्न राज्यों में चुनाव होने के बाद ही होता है।फिलहाल भाजपा की 37 मान्यता प्राप्त स्टेट यूनिट हैं। इनमें से अब तक 14 राज्यों में अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। मंगलवार को 19 राज्यों के अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जुलाई में चुने जा सकते हैं।



## तेलंगाना- रामचंदर राव विरोध के बाद भी पार्टी की पंसद

एन रामचंदर राव तेलंगाना हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट हैं। वे राज्य विधान परिषद के सदस्य भी रह चुके हैं। राव लंबे समय से पार्टी और संघ से जुड़े हुए है। उन्होंने राजनीति की शुरुआत हैदराबाद की उस्मानिया यूनिवर्सिटी में छात्र नेता के तौर पर की थी।उस दौरान वे भाजपा की स्टूडेंट विंग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य थे। प्रदेश अध्यक्ष बनने से पहले राव के पास राज्य में पार्टी के सदस्यता अभियान का जिम्मा था। तेलंगाना में रामचंदर राव को प्रत्याशी बनाए जाने का विरोध भी हुआ। गोशामहल से विधायक टी राजा ने विरोध करते हुए सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

## हिमाचल प्रदेश- राजीव बिंदल तीसरी बार अध्यक्ष बने

डॉ. राजीव बिंदल तीसरी बार राज्य में पार्टी की कमान मिली है। शिमला के पीटरहॉफ में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने उनके नाम की घोषणा की। बिंदल सोलन-नाहन विधानसभा सीट से 5 बार विधायक रहे हैं। वे धूमल सरकार में स्वास्थ्य मंत्री और जयराम सरकार में विधानसभा अध्यक्ष रहे हैं।

## उत्तराखंड- महेंद्र भट्ट को लगातार दूसरी बार कमान

भाजपा ने महेंद्र भट्ट को लगातार दूसरी बार राज्य में पार्टी का मुखिया बनाया है। उन्हें अप्रैल, 2024 में राज्यसभा का सांसद भी बनाया गया था। भट्ट चमोली जिले की बद्रीनाथ विधानसभा सीट से विधायक भी रह चुके हैं।

## आंध्र प्रदेश: पीवीएन माधव संघ के करीबी

पीवीएन माधव ने 2003 में भाजयुमो से सक्रिय राजनीति की शुरुआत की थी। 2007 से 2010 तक वह भाजयुमो के प्रदेश महासचिव और 2010 से 2013 तक राष्ट्रीय सचिव रहे। बाद में वह विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) बने। उन्हें संघ का करीबी माना जाता है। उनके पिता पीवी चलपति राव अविभाजित आंध्र प्रदेश के पहले भाजपा अध्यक्ष थे। चलपति राज्य में पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे।

## महाराष्ट्र- रवींद्र चव्हाण को पहली बार प्रदेश की जिम्मेदारी

रवींद्र चव्हाण को भाजपा ने पहली बार प्रदेश की जिम्मेदारी दी है। वे डोंबिवली विधानसभा सीट से लगातार चार बार से विधायक हैं। रवींद्र पहली बार 2009 में विधायक बने थे।चव्हाण एकनाथ शिंदे की सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। उनके पास खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग का जिम्मा था। बाद में लोक निर्माण विभाग का कैबिनेट मंत्री भी बनाया गया था। चव्हाण देवेंद्र फडणवीस के पहले कार्यकाल में चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार